दैनिक

# नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

खबरें सड़क से संसद तक

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

ताज़ा खबरें और ई-पेपर पाने के लिए अभी स्कैन करें!

वर्ष: 17 | अंक 28 | सीकर, गुरूवार 26 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8







## ईरान बोला- ट्रम्प की शर्तों पर जंग खत्म नहीं होगी

### अमेरिका का प्रस्ताव धोखा है, सीजफायर के लिए 5 शर्ते रखीं



तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

ईरान ने अमेरिका के सीजफायर प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। उसने कहा है कि वह राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प की शर्तों पर जंग खत्म नहीं करेगा। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका ने मध्यस्थ देशों के जरिए जो प्रस्ताव भेजा, वह धोखा है और जमीनी हकीकत से कटा हुआ है और इसका मकसद सिर्फ दबाव बनाना है। ईरान ने कहा है कि युद्ध का अंत तभी होगा जब उसकी शर्तें पूरी होंगी। इसके लिए उसने 5 प्रमुख शर्तें रखी हैं–

#### ईरान के खिलाफ हमलों और टारगेटेड किलिंग्स पर पूरी तरह रोक

- **भविष्य में दोबारा युद्ध न होने की ठोस गारंटी**
- **युद्ध में हुए नुकसान का मुआवजा**
- **सभी मोर्चों पर संघर्ष का पूर्ण अंत**
- **होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान के अधिकार को अंतरराष्ट्रीय मान्यता**
- **ईरान ने यह भी कहा कि जब तक उसकी शर्तें पूरी नहीं होतीं, तब तक जवाबी कार्रवाई जारी रखेगा। उसका कहना है कि अमेरिका बार-बार अपनी शर्तें बदलता है, जबकि तेहरान अपने रुख पर स्थिर है।**

## कांग्रेस को नोटिस- अकबर रोड-रायसीना हिल्स का दफ्तर खाली करें

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी को 24 अकबर रोड वाला दफ्तर 28 मार्च तक खाली करना होगा। एस्टेट डिपार्टमेंट ने पार्टी को नोटिस दिया है। न्यूज एजेंसी ने कांग्रेस सूत्रों के हवाले से कहा है कि दफ्तर खाली करने के लिए 3 दिन का समय दिया गया है। हालांकि, कांग्रेस का हेडक्वॉर्टर पहले ही यहां से इंदिरा भवन शिफ्ट हो चुका है। पार्टी इस बंगले को खाली नहीं करना चाहती है। उधर, एस्टेट डिपार्टमेंट ने कांग्रेस के 5 रायसीना हिल्स रोड स्थित इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यालय के लिए भी एक और नोटिस जारी किया है। कुछ रिपोर्ट्स का कहना है कि कांग्रेस, सरकार के इस रवैए के खिलाफ कोर्ट में अपील करेगी। कांग्रेस का आरोप है कि 1 अशोक रोड या पंत मार्ग वाले बीजेपी के दफ्तर भी खाली नहीं करवाए गए हैं।

# सरकार बोली- देश में पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं

## कीमतों में भी कोई बढ़ोतरी नहीं हुई, घबराकर जरूरत से ज्यादा खरीदने से बचें

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। देश में किसी भी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। पेट्रोल पंपों को सप्लाई करने वाले टर्मिनलों पर भी पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।




पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दिल्ली में इंटर-मिनिस्ट्रियल ब्रीफिंग के दौरान लोगों से डर और घबराहट में पेट्रोल-डीजल की खरीदारी करने से बचने की अपील की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया गया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। सुजाता शर्मा ने कहा- पैनिक बाइंग के कारण पिछले दो दिनों में कई जगहों पर पेट्रोल पंपों और रिटेल आउटलेट्स के बाहर लंबी कतारें देखी गई हैं। हम बताना चाहते हैं कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त स्टॉक है। हमारे पास सालाना करीब 26 करोड़ टन कच्चा तेल रिफाइन करने की क्षमता है। ईरान के साथ इजराइल और अमेरिका की जंग का आज 26वां दिन है। जंग के कारण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से तेल और गैस सप्लाई की सप्लाई प्रभावित है। भारत अपनी जरूरत का 50% कच्चा तेल और 54% एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है।

**सरकार ने कहा- डिस्ट्रीब्यूटर के पास एलपीजी की कोई कमी नहीं**-पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आगे कहा- पिछले 25 दिनों में करीब 2.5 लाख नए पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं।

इसके अलावा लगभग 2.20 लाख उपभोक्ताओं ने एलपीजी से पीएनजी में शिफ्ट किया है। साथ ही करीब 2.5 लाख नए आवेदन या रजिस्ट्रेशन भी प्राप्त हुए हैं।

पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक, किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर पर एलपीजी की भी कोई कमी नहीं है और ऑनलाइन बुकिंग अच्छी चल रही है। अब तक लगभग 26 राज्यों ने 22,000 टन कमर्शियल एलपीजी का आवंटन किया है, जिसमें राज्य सरकारों और ऑयल मार्केटिंग कंपनियों दोनों की आपूर्ति शामिल है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने बताया कि केरोसीन को वैकल्पिक ईंधन के रूप में केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को अतिरिक्त आवंटन दिया है और लगभग 16 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में इसके आदेश जारी किए जा चुके हैं।

### राज्यपाल की रामनवमी पर बधाई एवं शुभकामनाएं

जयपुर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रामनवमी (26 मार्च) पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम घट घट में व्याप्त हैं। राम का अर्थ ही है सुन्दर, सुखदायक। प्रभु श्रीराम के नाम की महिमा अनंत है, उनका नाम स्वयं में एक महामंत्र है। उनका पूरा जीवन ही आदर्श का अनुपम उदाहरण है।

### मुख्यमंत्री की रामनवमी पर शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रामनवमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि रामनवमी का पर्व हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। श्री शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और एकता का अनुपम उदाहरण है, जो सम्पूर्ण जनमानस के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# केंद्र से उड़ान 2.0 योजना को मंजूरी

## 100 एयरपोर्ट बनेंगे, इमिग्रेशन, वीजा और विदेशी नागरिक ट्रैकिंग से जुड़ी आईवीएफआरटी योजना 5 साल के लिए बढ़ी

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए हैं। इनमें 2030-35 के नए पर्यावरण लक्ष्य तय करना, मोडिफाइड उड़ान योजना को मंजूरी और इमिग्रेशन सिस्टम के आधुनिकीकरण के लिए आईवीएफआरटी 3.0 योजना शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि कैबिनेट ने मोडिफाइड रीजनल एयर कनेक्टिविटी योजना उड़ान 2.0 को मंजूरी दी है। इसके तहत 100 नए एयरपोर्ट विकसित किए जाएंगे। इस पर 28,840 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

कैबिनेट ने इमिग्रेशन, वीजा और विदेशी नागरिक ट्रैकिंग से जुड़ी आईवीएफआरटी 3.0 योजना को 31 मार्च 2031 तक 5 साल के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी है। इसके लिए 1,800 करोड़ का बजट रखा गया है, जिसका इस्तेमाल इमिग्रेशन चेक पोस्ट पर एआई टूल्स, आइरिस स्कैनिंग (आंखों की स्कैनिंग) और बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के लिए इस्तेमाल होगा।



### उड़ान 2.0 योजना- टियर-2 और टियर-3 शहरों में कनेक्टिविटी बढ़ेगी


केंद्र के मुताबिक, 100 नए एयरपोर्ट्स बनाने के लिए सरकार उन एयरस्ट्रिप्स का इस्तेमाल करेगी जो अब तक इस्तेमाल में नहीं है। हर एयरपोर्ट पर करीब 100 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए 12,159 करोड़ रुपये का अलग से बजट रखा गया है। इसके अलावा हिमालयी राज्यों, नॉर्थ-ईस्ट और द्वीपों के लिए 200 नए हेलीपैड्स बनाए जाएंगे। इसके लिए 3,661 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, ताकि पहाड़ी, दुर्गम इलाकों में भी अच्छी कनेक्टिविटी हो।

### आईवीएफआरटी 3.0 योजना- सेल्फ-सर्विस कियोस्क जैसी तकनीक डेवलप होंगी

सरकार ने बताया कि आईवीएफआरटी प्लेटफॉर्म इमिग्रेशन, वीजा और विदेशी नागरिकों के रजिस्ट्रेशन को आपस में जोड़कर व्यवस्थित करेगा। यह सुरक्षित और एकीकृत सेवा ढांचे के तहत इन सेवाओं को आधुनिक बनाएगा। योजना के तहत मोबाइल आधारित सेवाएं और सेल्फ-सर्विस कियोस्क जैसी नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। देशभर के इमिग्रेशन पोस्ट, FRROs और डेटा सेंटर का विस्तार और अपग्रेड किया जाएगा। इससे एक मजबूत और स्केलेबल सिस्टम तैयार किया जाएगा। इससे पहले केंद्र सरकार ने 18 मार्च को कैबिनेट बैठक में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 'भाव्या' को मंजूरी दी थी।

## हम पाकिस्तान की तरह दलाल देश नहीं : जयशंकर

नई दिल्ली।



संसद में बुधवार को हुई सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने कहा कि पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है, जबकि भारत मूकदर्शक बना हुआ है।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसके जवाब में कहा- भारत पाकिस्तान जैसा दलाल देश नहीं है। हम किसी की ओर से मध्यस्थता नहीं करते। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह अध्यक्षता में 2 घंटे चली बैठक में मिडिल ईस्ट के हालात और देश में तेल और गैस की उपलब्धता पर चर्चा हुई। विपक्ष के आरोपों पर कि भारत चुप है, सरकार ने कहा कि वह लगातार स्थिति पर प्रतिक्रिया दे रही है। ईरान दूतावास खुलने के तुरंत बाद विदेश सचिव वहां पहुंचे और संवेदना व्यक्त की गई। सरकार ने कहा, खाड़ी क्षेत्र में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना उसकी प्राथमिकता है, और इस दिशा में अब तक काम संतोषजनक रहा है। हालांकि विपक्ष ने सरकार के जवाबों को असंतोषजनक बताया और संसद के दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की। कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने कहा कि पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है, जबकि भारत मूकदर्शक बना हुआ है।

### सर्वदलीय बैठक की मुख्य बातें:

केंद्र सरकार ने कहा कि वेस्ट एशिया संघर्ष के बावजूद भारत में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। सरकार ने भरोसा दिलाया कि देश में कच्चा तेल, एलपीजी और अन्य जरूरी सप्लाई पर्याप्त है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बैठक में विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सप्लाई सामान्य रहने की जानकारी दी।

सरकार ने बताया कि भारत की मजबूत रिफाइनिंग क्षमता के कारण सप्लाई प्रभावित नहीं हुई। अब तक 4 शिपमेंट आ चुकी हैं, आगे भी सप्लाई जारी रहने की उम्मीद।

ईरान ने 5 दिन बाद सप्लाई रूट फिर खोले, इसे सकारात्मक संकेत बताया गया। सरकार ने कहा कि भारत सभी देशों के संपर्क में है और सक्रिय कूटनीति कर रहा है।

# पीटीएम में कम अभिभावक पहुंचने पर शिक्षा मंत्री नाराज

## शिक्षकों की गैर मौजूदगी पर जताई नाराजगी, बोले- लापरवाही पर होगा एक्शन

जयपुर।

राजस्थान के सरकारी स्कूलों में बुधवार को मेगा पेरेंट-टीचर मीटिंग (पीटीएम) का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच खुला संवाद हुआ, जिसमें बच्चों की पढ़ाई, उनकी कमजोरियों और सुधार के उपायों पर चर्चा की गई।

कई स्कूलों में बड़ी संख्या में अभिभावक पहुंचे और अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली। हालांकि कुछ स्कूलों में अभिभावकों की उपस्थिति कम रहने पर शिक्षा मंत्री ने नाराजगी भी जताई। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने जयपुर के कुछ सरकारी स्कूलों में आयोजित पीटीएम का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने गणगौरी बाजार और ब्रह्मपुरी स्थित सरकारी स्कूलों का दौरा किया और वहां अभिभावकों तथा छात्रों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। शिक्षा मंत्री ने गणगौरी बाजार स्थित पीएम श्री स्कूल और ब्रह्मपुरी के राजकीय विद्यालय में शिक्षकों और अभिभावकों के साथ संवाद करते हुए शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के सुझाव भी दिए। उन्होंने स्कूलों की व्यवस्थाओं और शिक्षकों की कार्यप्रणाली को भी नजदीक से देखा।

### सरकारी स्कूलों की स्थिति में हो रहा सुधार

इस दौरान खास बातचीत में दिलावर ने कहा कि शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित की गई पेरेंट-टीचर मीटिंग फिलहाल अव्यवस्थित नजर आई है। इसे और बेहतर तरीके से आयोजित करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं।

दिलावर ने कहा कि निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल के प्रिंसिपल से लेकर स्टाफ तक सभी की कार्यप्रणाली को समझा है। जो कर्मचारी अपने दायित्वों का ठीक से निर्वहन नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों की दशा और दिशा दोनों में सुधार हो रहा है और कई स्कूलों में बेहतर परिणाम भी सामने आ रहे हैं। हालांकि कुछ जगहों पर लापरवाही भी देखने को मिली है, जिसे जल्द ठीक किया जाएगा।

### कई स्कूलों में नहीं मिले टीचर


निरीक्षण के दौरान कई स्कूलों में कुछ शिक्षक अनुपस्थित भी पाए गए, जिस पर शिक्षा मंत्री ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कई शिक्षक अन्य सरकारी ड्यूटी का हवाला देकर स्कूल में मौजूद नहीं रहते, जबकि उन्हें अपनी जिम्मेदारी के अनुसार स्कूल में समय देना चाहिए।



दिलावर ने बताया कि कई शिक्षकों की चुनाव से जुड़ी जिम्मेदारी के तहत बीएलओ की ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन यह आधे दिन की ड्यूटी होती है। ऐसे में शिक्षकों को आधे दिन स्कूल में उपस्थित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में शिक्षा विभाग ने चुनाव आयोग को प्रस्ताव भेजा है कि शिक्षकों से पहले स्कूल में पूरा दिन काम लिया जाए, उसके बाद ही उन्हें अन्य जिम्मेदारियां दी जाएं।

निरीक्षण के दौरान ब्रह्मपुरी स्थित एक सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल के साथ उनकी बहस भी हो गई। हालांकि इस मामले में उन्होंने कहा कि प्रिंसिपल ने अपनी बात उन्हें बता दी है और पूरे मामले को समझ लिया गया है।

### कोबरी-सार



# रिटायर्ड बैंक मैनेजर की संदिग्ध मौत

## बहन ने पत्नी-बेटे समेत तीन पर लगाया हत्या का आरोप

निसं



**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** लोयल गांव में मंगलवार रात एक रिटायर्ड बैंक मैनेजर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। मामले में मृतक की बहन ने पत्नी, बेटे और भतीजे पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी राकेश कुमार के अनुसार मंगलवार रात करीब 9 बजे सूचना मिली कि लोयल में एक व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक की पहचान सांवर राम मीणा के रूप में हुई, जो बैंक मैनेजर पद से रिटायर थे। मृतक की बहन नयाबास निवासी मीरा देवी पत्नी कैलाश मीणा ने रिपोर्ट में बताया कि लोयल से भाई की पड़ोसन सुमन देवी ने फोन कर सूचना दी कि सांवर राम के साथ उसकी पत्नी विमला देवी, बेटा विकास उर्फ कान्हा और विमला का भतीजा मारपीट कर रहे थे। आरोप है कि इसी मारपीट के बाद उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मीरा देवी लोयल पहुंची, जहां उसका भाई मृत अवस्था में पड़ा मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बहन का आरोप है कि पैसों के विवाद को लेकर उसके भाई की हत्या की गई है। बताया जा रहा है कि सांवर राम गांव में अपने पैतृक मकान में अकेले रहते थे, जबकि उनकी पत्नी और बेटा जयपुर में रहते हैं। पुलिस ने शव का खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। थानाधिकारी ने बताया कि बहन की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पूरे घटनाक्रम की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस मारपीट, पारिवारिक विवाद और आर्थिक कारण सहित हर एंगल से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# ग्राम-2026 से राजस्थान की कृषि को नई दिशा

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम-2026) के माध्यम से कृषि क्षेत्र को नया आयाम मिल रहा है। पारंपरिक रूप से सूखा, जल संकट और कम उत्पादकता जैसी चुनौतियों से जूझ रहे राज्य में अब आधुनिक तकनीक, सिंचाई विस्तार और किसान-केंद्रित योजनाओं से उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिल रहा है। किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में राज्य की अतिरिक्त सहायता से आय बढ़ी है। फसली ऋण और ब्याज अनुदान के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 6565 करोड़ रुपए के क्लेम वितरित किए गए हैं।

जल प्रबंधन में 43844 फार्म पॉण्ड, 2.23 लाख हेक्टेयर में ड्रिप-स्प्रिंकलर सिस्टम, 32918 किमी सिंचाई पाइपलाइन और 37010 किमी तारबंदी जैसे कार्य किए गए हैं। वहीं 1.10 लाख से अधिक कृषि यंत्रों पर 283 करोड़ रुपए का अनुदान देकर यंत्रीकरण को बढ़ावा मिला है। मृदा स्वास्थ्य सुधार के लिए 18 लाख किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड और 66 लाख से अधिक बीज मिनीकिट वितरित किए गए हैं। जैविक खेती के लिए 59788 वर्मी कम्पोस्ट इकाइयां स्थापित की गई हैं। प्रशिक्षण के तहत 8.82 लाख किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई जबकि 80 हजार से अधिक छात्राओं को कृषि शिक्षा हेतु 144.84 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है।

# टीबी की समय पर पहचान और पूरा उपचार जरूरी : डॉ. अंकित बंसल

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान में स्वास्थ्य विभाग के हालिया क्षय रोग टीबी स्क्रीनिंग अभियान ने यह स्पष्ट किया है कि टीबी आज भी एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। देश में हर वर्ष करीब 28 लाख नए टीबी मरीज सामने आते हैं, जो वैश्विक मामलों का 25 प्रतिशत से अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि छिपे हुए मामलों के कारण समय पर जांच और उपचार बेहद जरूरी हो गया है। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर के सीनियर कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजी डॉ. अंकित बंसल ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। लेकिन यह लिम्फनोड्स, हड्डियों और मस्तिष्क सहित अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। यह संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने या बात करने से हवा के माध्यम से फैलती है और किसी भी व्यक्ति को हो सकती है।

उन्होंने बताया कि दो सप्ताह से अधिक खांसीए बुखार, रात में पसीना आना, वजन कम होना, भूख में कमी और गंभीर मामलों में बलगम में खून आना इसके प्रमुख लक्षण हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। डॉ. बंसल के अनुसार टीबी का इलाज संभव है और मरीज 6 से 9 माह तक नियमित दवा लेकर पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। राष्ट्रीय टीबी कार्यक्रम के तहत दवाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि बीच में उपचार छोड़ने से बीमारी दवा-प्रतिरोधी बन सकती है, जो अधिक खतरनाक होती है।

विशेषज्ञों ने बचाव के लिए समय पर जांच, खांसते समय मुंह ढकने, संतुलित आहार लेने, धूम्रपान से बचने और मरीजों को सहयोग देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जागरूकताए समय पर जांच और पूर्ण उपचार के जरिए टीबी को नियंत्रित किया जा सकता है और जीवन बचाया जा सकता है।

# डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांच जारी

निसं



**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी के नेहरू मैदान में चल रही आठ दिवसीय स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के दुसरे दिन मंगलवार शाम को पांचवा मुकाबला बड़ा ही रोमाचंक रहा। मेडिकल टीम ने पहले बलेबाजी करते हुए 15 ओवर में तीन विकेट पर 210 रन बना डाले, जवाब में वनविभाग की टीम को 90 रनों पर ही ऑल आऊट कर 120 रनों से हरा कर अगले दौर में प्रवेश किया। एसडीएम सुनील चौहान ने बताया कि केसीसी के नेहरू मैदान में स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता चल रही है। मंगलवार शाम को केसीसी के नेहरू मैदान में खेतड़ी विधायक इंजीण् धर्मपाल गुर्जर ने खिलाड़ियों से परिचय कर दुसरे दिन की प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का तीसरा मुकाबला एचसीएल/केसीसी व पीडब्लूडी विभाग के बीच खेला गया। चौथा मुकाबला नगरपालिका एवं जलदाय विभाग के साथ खेला गया। जलदाय विभाग ने पहले बलेबाजी करते हुए अजयसिंह के 13 गेंदों में 25 रनों के योगदान से 92 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जवाब में नगरपालिका के जितेंद्र ने 11 गेदों पर 26 रन, गौतम चौधरी ने चार गेंदों में 11 रन बना कर नाबाद रहते हुए 8.1 ऑवर में पांच विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर पांच विकेट से मैच जीत लिया। पांचवां मुकाबला मेडिकल एवं वनविभाग की टीम के बीच खेला गया। 17 रन देकर तीन विकेट लेने पर नगरपालिका के उमाशंकर को मैन ऑफ दा मैच चुना गया। पांचवा मुकाबला मेडिकल टीम एवं वन विभाग की टीम के बीच खेला गया। मेडिकल टीम ने पहले बलेबाजी करते हुए 15 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर पहाड़ जैसा स्कोर 210 रन बना डाले।

मेडिकल टीम के अभीषेक मात्र 21 गेंदों में चार गगन चुंबी छक्के एवं आठ चौके लगाते हुए 62 रन बना कर आऊट हुए, वही डॉ. महेंद्र सैनी ने 27 गेंदों पर 48 रन बनाकर आउट हुए, सतीश गुर्जर ने 25 गेंदों पर 59 रन बनाकर नॉट आउट रहा। मेडिकल टीम ने 210 रनों मेंसे 160 रन बॉल को बाऊंडी के बाहर भेज कर बनाए। जवाब में वनविभाग की टीम को 90 रनों पर ही ऑल आउट कर 120 रनों से मेडिकल टीम ने मैच जीत लिया। वन विभाग की तरफ से रेंजर पवन शेखावत 22, जितेंद्र ने 13 रनों का योगदान दिया। वन विभाग की टीम को सबसे ज्यादा 23 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। मेडिकल टीम के सुभाष, डॉ. महेंद्र सैनी एवं प्रदीप ने दो-दो विकेट, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. रूपेश सैनी व नरेश ने 1-1 विकेट लिए। मेडिकल के अभीषेक को 62 रन बनाने पर मैन ऑफ दा मैच चुना गया। अतिथियों ने मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एसडीएम सुनील चौहान, डीएसपी जुल्फीकार अली, तहसीलदार सुनील मील, समाज सेवी हरीराम गुर्जर, बबलू अवाना, बीसीएमओ डॉ. हरीश यादवद्व डॉ. प्रवीण शर्माद्व सुरेंद्र काजला, बुहाना प्रधान हरीकिशन यादव, सिंघाना नगरपालिका अध्यक्ष विजय पांडे, निकेश पारीक, निखिल शर्मा आदि मौजूद थे।

प्रतियोगिता का समापन तीस मार्च को होगा।

# ईंधन-गैस को लेकर विपक्ष फैला रहा भ्रम : राठौड़

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने ईंधन और गैस की उपलब्धता को लेकर विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने कहीं भी कमी की बात नहीं कही है और वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुचारू रखने के लिए प्रतिबद्ध है। राठौड़ ने कहा कि विपक्ष अनावश्यक भय और अफरा-तफरी फैलाकर जनता को गुमराह कर रहा है जबकि सभी दलों को सहयोग की भावना से काम करना चाहिए। उन्होंने संसद में विपक्ष की भूमिका को अलोकतांत्रिक बताते हुए कहा कि बहस के लिए निर्धारित संसदीय प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए, केवल हंगामा करना उचित नहीं है। समान नागरिक संहिता पर उन्होंने कहा कि यह देशहित और सामाजिक समानता से जुड़ा विषय है, जिससे सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलेंगे और विशेष रूप से महिलाओं को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में यूजीसी लागू करने की पहल सराहनीय है और भविष्य में पूरे देश में इसके लागू होने से एक देश, एक कानून की भावना मजबूत होगी तथा भेदभाव समाप्त होगा। राठौड़ ने केंद्र सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीन तलाक समाप्त करने, अनुच्छेद 370 हटाने और महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि महिला आरक्षण भी लागू होगा और भाजपा आगे भी विकास व जनहित के मुद्दों पर कार्य करती रहेगी।

# प्रतिभाओं का सम्मान करेगा विप्र फाउंडेशन

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू (नवयत्न)।** विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में आगामी 29 मार्च को झुंझुनू शहर ब्राह्मण समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान हेतु भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना है। कार्यक्रम में वर्ष 2026 की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर अभिनंदन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष कमलकांत शर्मा एवं संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस श्रेणी में आने वाले सभी विद्यार्थी 27 मार्च तक अपने संपूर्ण विवरण के साथ आवेदन कर सकते हैं। आवेदन हेतु इच्छुक विद्यार्थी कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर महमिया व राकेश सहल के व्हाट्सएप नंबर 9079925571 एवं 9672045888 पर संपर्क कर सकते हैं। इस आयोजन से समाज के होनहार विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता एव प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

# मीरा निकेतन स्कूल का 10वीं बोर्ड में जलवा

निसं



**सरदारशहर (नवयत्न)।** गांधी विद्या मंदिर संस्थान के अंतर्गत संचालित मीरा निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय ने इस वर्ष दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। इस बार के परिणाम में भावना सैनी पुत्री धीरेन्द्र सैनी ने 97.83: अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं युवराज सिंह ने 95.33:, अंकित ने 95.17:, मानवेंद्र ने 94:, अनीता स्वामी ने 92.83:, मनोज तेतरवाल ने 92.50: तथा कार्तिक सुथार ने 91.33: अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल बन गया। सफल विद्यार्थियों का साफा पहनाकर, मुंह मीठा करवाकर और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच जोरदार स्वागत किया गया। अभिभावकों और शिक्षकों की आंखों में गर्व साफ नजर आया। विद्यालय के प्राचार्य राम कुमार स्वामी, हिंदी व्याख्याता अनीता शर्मा, अंग्रेजी व्याख्याता गीता सोनी, व्याख्याता सोनिया चौहान, शारीरिक शिक्षिका कृष्णा गंडास, वरिष्ठ अध्यापिका योगिता भाटी, व्याख्याता कैलाश पारीक, राहुल तंवर, हरिनारायण जाखड़ एवं समस्त मीरा निकेतन स्टाफ ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। इस शानदार उपलब्धि के साथ मीरा निकेतन विद्यालय ने एक बार फिर साबित कर दिया कि निरंतर प्रयास और सही दिशा से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# भारतीय तिथि पंचांग का किया विमोचन

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा की विद्या भारती विद्यालय जोरादेवी गट्टाणी आदर्श विद्या मंदिर में अपनी सांस्कृतिक और शैक्षिक प्रतिबद्धता को दोहराते हुए नवीन सत्र 2026-27 के लिए भारतीय तिथि पंचांग का गरिमामय लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य छैलूदान चारण ने कहा कि यह पंचांग केवल तिथियों का संग्रह नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का एक जीवंत रोडमैप है। अभिभावकों, प्रधानाचार्य, आचार्य, आदि की गरिमामय उपस्थिति से पंचांग का विमोचन किया गया। विमोचन के दौरान प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा किए यह पंचांग हमारे विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का वह प्रकाशपुंज है, जो उन्हें वर्ष भर विद्यालयी गतिविधियों, उत्सवों और प्रतियोगिताओं की पूर्व जानकारी देकर मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाएगा। कार्यक्रम में शाला स्टाफ व विद्यार्थीगण सहित प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# जैन ओलंपिक्स 2026 का समापन




निसं

**नोखा (नवयत्न)।** खेल, उत्साह और सामुदायिक एकजुटता का पांच दिवसीय महाकुंभ जैन ओलंपिक्स 2026 अपनी सफलता का एक नया अध्याय लिखते हुए पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ। जैन एसोसिएशन ऑफ यूथ द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में नोखा के जैन समाज के लगभग 600 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 20 से 24 मार्च तक चले इस खेल उत्सव में उम्र की कोई सीमा नजर नहीं आई। बच्चों की चपलता से लेकर बुजुर्गों के अनुभव तक, सभी ने रेस, बैडमिंटन, शतरंज, रस्साकशीए कैरम और जैवलिन थ्रो जैसे खेलों में पूरे दमखम के साथ भाग लिया। टूर्नामेंट का समापन तेरापंथ भवन, नोखा में एक गरिमामयी पुरस्कार समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलकारी नवकार मंत्र के साथ की गई। मुख्य टाइटल स्पॉन्सर श्रीमान दीपचंद लूनिया ने टीम जय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा : यह आयोजन केवल हार-जीत का मंच नहीं था, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने का सशक्त माध्यम था। हमें इसी तरह एकजुट होकर समाज की चौमुखी प्रगति के लिए आगे बढ़ना होगा। को-स्पॉन्सर कमल किशोर ललवानी ने जैन समाज को इस आयोजन के जरिए फिट रहने का संदेश दिया। विजेताओं को मेडल्स, फ्रेम सर्टिफिकेट और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए, जिससे पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। जय के सदस्यों ने अपनी भविष्य की योजनाएं साझा करते हुए बताया कि वे इस संस्था के माध्यम से विश्वभर के जैन समाज को एक मंच पर लाना चाहते हैं। साथ ही, आने वाले समय में संगठन की अलग-अलग शाखाएं जैसे धार्मिक, सामाजिक और बिजनेस विंग भी स्थापित की जाएंगी। नोखा के जैन समाज ने जय की इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की कामना की।

# जवाहर मेमोरियल स्कूल ने लहराया सफलता का परचम

निसं



**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** आरबीएसई द्वारा मंगलवार को 10 वीं कक्षा का परिणाम जारी किया गया जिसमें जवाहर मेमोरियल के विद्वार्थियों ने खेतड़ी उपखंड में सफलता का परचम लहराया। बोर्ड परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान बच्चों को मानोता खुर्द की जवाहर मेमोरियल स्कूल में बुधवार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता कर रही संस्था निदेशक मंजीत ने बताया कि आरबीएससी 10वीं कक्षा के परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमें स्कूल की छात्रा अंशुल ने 98.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर खेतड़ी उपखंड में प्रथम स्थान रहते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। इसी प्रकार गरीमा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दुसरे स्थान पर रही, हिमांशी ने 96.83, जयंती ने 96.67, उज्जवल ने 94.67, लक्की ने 93.17, अनुशका ने 91.83, कविता जांगिड़ ने 89.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को माला पहनाकर व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर केसीसी टाउनशीप एवं गोठड़ा ग्राम पंचायत के मुख्य मार्गो से हुते हुए विजय झुलुस निकाला। इस मौके पर अमित ठोलिया, संजय जिदंड़, प्रमोद जांगिड़, मोहित रावत, रजत सैनी, अंकित अग्रवाल, सतीश जांगिड़, अर्चना, अभिषिका, ममता सैन, कृष्ण शर्मा, मोनिषा शर्मा, सुनीता, देविका, साक्षी, संदीप जांगिड़, कैलाश कसाणा, गुजलारी कसाणा, महेश, अविनाश, जगदीश, रतनलाल सहित स्कूल स्टाफ व अभिभावकों ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ ने किया मण्डल अध्यक्ष का स्वागत



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ द्वारा राजस्थान आवासन मण्डल में नव पदस्थापित अध्यक्ष आलोक गुप्ता का अभिनन्दन एवं स्वागत किया गया। संघ के महासचिव रमेश चन्द शर्मा ने बताया गया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक गुप्ता द्वारा राजस्थान आवासन मण्डल अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करने पर राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ प्रतिनिधि मण्डल द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। संघ द्वारा मण्डल अध्यक्ष को आश्वस्त किया गया कि प्रशासन द्वारा मण्डल एवं जनहित में लिये जाने वाले निर्णयों पर संघ का पूर्ण सहयोग रहेगा। साथ ही संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मोहन सिंह द्वारा मण्डल अध्यक्ष से यह अपेक्षा की गई उनके कार्यकाल के दौरान मंडल नवीन योजनाओं के साथ उत्तरोत्तर प्रगति की और अग्रसर होगा तथा मण्डल हितों के विपरीत कोई निर्णय अमल में नहीं लाये जा सकेगें। संघ प्रतिनिधि मण्डल में प्रांतीय अध्यक्ष मोहन सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष दारासिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविन्द नाटाणी, महासचिव रमेश चन्द शर्मा, संयुक्त सचिव मनुज ठाकुर, मोहम्मद यूसुफ खान, खेल सचिव मधुर मलिक, महिला सचिव नेहा चौधरी और कार्यालय मंत्री आनन्द सिंह आदि उपस्थित रहें।

# इंडियन शिक्षण संस्थान ने दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में रचा इतिहास

निसं




**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** बड़ाऊ की इंडियन शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित संस्कार सीनियर स्कूल ने कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर इतिहास रचा हैस प्रधानाचार्य सूर्यप्रकाश शर्मा व सुमन शेखावत ने बताया की विद्यालय की छात्रा साक्षी शर्मा पुत्री राकेश शर्मा बीलवा ने 98.50: अंक प्राप्त कर क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त कियास विद्यार्थियों द्वारा उच्च परिणाम देने पर संस्थान सचिव रघुवीर शर्मा, चेयरमैन सुनील बोहरा, कॉलेज प्रबंध निदेशक डॉ. मुकेश दाधीच, उपनिदेशक प्रकाश दास स्वामी, पूजा सैनी, पूर्ण सिंह शेखावत ने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को माला, साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सुनील बोहरा ने कहा सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है यह परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों तथा सभी शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर सुभाष शर्मा, प्रमोद सुरोंलिया, मंजू शर्मा, दर्शन वर्मा, सोनू जांगिड़, सुरेंद्र मीणा, महेंद्र कुमावत, प्रवेश शर्मा, मनीष शर्मा, नरेश जांगिड़, मुकेश मैनपुरा, रविंद्र बिलवा, रवि शर्मा, बजरंग मीणा, रामस्वरूप यादव, महेंद्र सिंह, नंदू सिंह, सुमेर सिंह, पवन सिंह, कृष्ण भरगड, धर्मवीर, कृष्ण छाबडी, धोलाराम गुर्जर, हिम्मत सिंह, मुकेश चोपड़ा, हरिओम सिंह, राजेश जाट, सिंबू सिंह, शीशराम गुर्जर, माधूराम सैनी स्कूल स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद थे।

# साई बाबा का भंडारा आज

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी के सनातन धर्म मंदिर में स्थित श्री साई बाबा मंदिर में रामनवमी के अवसर पर भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर मंत्री विमल शर्मा ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर गुरूवार सुबह साई बाबा का अलौकिंक श्रृगांर कर, विधिवत रूप स पूजा अर्चना क साथ भंडारे का आयोजन होगा।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा देहात मंडल के ग्राम हिमटसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला उपाध्यक्ष आसकरण भट्टड़ ने बूथ प्रबंधन एवं भाजपा की कार्यपद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मजबूत बूथ ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और संगठनात्मक संरचना को मजबूत करने पर जोर दिया। भाजपा नोखा शहर के पूर्व मंडल अध्यक्ष व पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ महेन्द्र संचेती ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास एवं वैचारिक अनुष्ठान विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की विचारधारा राष्ट्रवाद, अंत्योदय और सेवा के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला मंत्री मनमोहन सिंह ने प्रशिक्षण की आवश्यकता पर अपने विचार रखते हुए कहा कि नियमित प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता बढ़ती है तथा संगठन को मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में सरपंच बिश्नोई निर्वतमान मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में मंडल अध्यक्ष पवन राठी ने सभी का आभार व्यक्त किया गया। हिम्मटसर सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश फौजी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार जाखटीया, मंडल महामंत्री मोहन सुथार, सरपंच नवलसिंह, उपसरपंच गुलाबसिंह, चौथराम, श्याम डेलू, गिरधारी कुमावत, राजूनाथ, प्रेमाराम, मोहम्मद हुसैन, मनीष ज्यानी व सैकड़ों की संख्या में पार्टी के वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डिस्कॉम निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड जोधपुर डिस्कॉम के निजीकरण को लेकर एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। इसी क्रम में बुधवार को सरदारशहर ग्रामीण उपखंड कार्यालय में कार्मिकों और अधिकारियों ने सरकार की प्रस्तावित निजीकरण व्यवस्था के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने गांधीवादी तरीके से शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराते हुए सरकार के निर्णय पर कड़ा असंतोष जताया। प्रदर्शन के दौरान कार्मिकों ने कहा कि यदि निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया तो इस बार संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर आंदोलन और भी व्यापक और तेज किया जाएगा। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार डिस्कॉम को घाटे का उपक्रम बताकर बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने की साजिश कर रही है। जबकि हकीकत यह है कि घाटे की मुख्य वजह समय पर सरकारी सब्सिडी का भुगतान नहीं होना, अनावश्यक खर्च और ठेकेदारी प्रणाली है। कार्मिकों का कहना है कि यदि सरकार समय पर सब्सिडी जारी करे और खर्चों पर नियंत्रण रखे तो घाटा काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने मांग की कि सरकार इस प्रक्रिया में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए प्रस्तावित निजीकरण को निरस्त करे। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए स्पष्ट किया कि वे अपने अधिकारों और सार्वजनिक बिजली व्यवस्था को बचाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। इस दौरान उपखंड के सहायक अभियंता राजेश कुमार मीणा, सहायक राजस्व अधिकारी किशनलाल प्रेमाणी, कनिष्ठ अभियंता प्रतिक कामबार सहित कार्यालय में कार्यरत समस्त मंत्रालयिक एवं तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान में सिंटेक्स ने की मजबूत पकड़, अब पानी वितरण में भी उतरा सिंटेक्स

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** वेल्सपन का सिंटेक्स राजस्थान में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए अब पानी के स्टोरेज के साथ-साथ वितरण और प्लंबिंग इंफ्रास्ट्रक्चर समाधान पर भी ध्यान दे रहा है। करीब 50 वर्षों की विरासत के साथ कंपनी अब एंड-टू-एंड वाटर सॉल्यूशन प्रदाता बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर यशोवर्धन अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान में पानी की कमी, अत्यधिक तापमान और तेजी से शहरीकरण के चलते पानी की गुणवत्ता बनाए रखना बड़ी चुनौती है। ऐसे में घरों के अंदर प्लंबिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की भूमिका अहम हो जाती है। सिंटेक्स ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए टैंक, पाइप, फिटिंग्स और ड्रेनेज समाधान शामिल किए हैं। कंपनी ने एंटी-माइक्रोबियल सीपीवीसी पाइप्स भी पेश किए हैं, जो बैक्टीरिया की वृद्धि को रोकने में मदद करते हैं और पानी को स्वच्छ बनाए रखते हैं। जयपुर सहित राजस्थान में बढ़ते शहरीकरण के साथ उपभोक्ता अब गुणवत्ता, टिकाऊपन और कम रखरखाव वाले समाधानों को प्राथमिकता दे रहे हैं। सिंटेक्स की प्रीमियम एटर्नो टैंक रेंज, जिसमें 50 साल की वारंटी दी जाती है, को भी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। कंपनी का लक्ष्य है कि वह राज्य में पानी की उपलब्धता के साथ उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए घरों और संस्थानों को सुरक्षित और भरोसेमंद जल समाधान उपलब्ध कराए।

## सोना चोरी करने के आरोपी गिरफ्तार

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा में 22 मार्च को अर्टिगा गाड़ी में सवार होकर आये 7 बदमाशों ने मनोज पुत्र रामूराम सोनी निवासी उगमपुरा के घर आकर रिफाइन्ड सोना खरीदने का झांसा देकर परिवादी के घर से रिफाइन्ड सोने के दो पैकेट जिसमें करीब 16 तोला सोना चोरी कर ले गए। परिवादी मनोज की रिपोर्ट पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके अनुसन्धान नोखा थानाधिकारी द्वारा शुरू किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशों पर ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनवारीलाल मीणा, नोखा वृताधिकारी जनरैल सिंह के निकट सुपरविजन में टीम गठित करके आठ दिनों में गुजरात निवासी आरोपीगण विजयभाई गोहिल, सागर राजुभाई परमार, हरिशभाई आश्विन भाई मोरी, पर्वतभाई कचराभाई सोलंकी, गोविन्द रमेश भाई बाबरिया, विजय जीवनभाई सोलंकी को गिरफ्तार करके चोरी का सारा माल बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त वाहन अर्टिगा गाड़ी को भी जब्त किया गया।

# 5वी और 8वीं बोर्ड परीक्षा में अव्वल रहे छोटे विद्यार्थियों का स्कूल प्रशासन ने बढ़ाया हौंसला

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** राजस्थान शिक्षा बोर्ड की ओर से कक्षा 5 और 8वी बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम कर दिया गया है। बोर्ड परीक्षा के परिणाम आने के बाद छोटे-छोटे विद्यार्थियो के चेहरों पर खुशी देखते ही बन रही थी। इसी कड़ी में शहर के मालजी गार्डन के पास स्थित ग्रो जीनियस स्कूल प्रशासन द्वारा पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा में अव्वल रहे विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया गया। स्कूल के अधिकतर विद्यार्थी, ग्रेड से पास हुए।

इस अवसर पर स्कूल के संस्था प्रधान मुकेश कुमार पूर्वा और प्रधानाचार्य कमल कुमार सैनी की मौजूदगी में बोर्ड परीक्षा में अव्वल रहे वंश जाट पुत्र राजवीर, वंश सैनी पुत्र अरुण कुमार, दिव्या स्वामी पुत्री रामरतन, आर्य भाट पुत्र नवीन, तपस्या राव पुत्री अमित, भव्य पूर्वा पुत्र विकास, नत्या सैनी पुत्री कमल कुमार, अभय बेनीवाल पुत्र राकेश कुमार, सुमित शर्मा पुत्र मुकेशचंद्र, माधव तूहानियां पुत्र योगेश कुमार, फैजान पुत्री हारून राशिद, एकम स्वामी पुत्री कमल कुमार, आयत निरबान पुत्र अयूब, सीमा सारण पुत्री देवीलाल, विशाल सारण पुत्र जगदीश, कुशाल वर्मा पुत्र सन्दीप वर्मा, गुंजन स्वामी पुत्री कमल कुमार, सौम्या सैनी पुत्री मुनिलाल, यश स्वामी पुत्री नरेश आदि छोटे-छोटे विद्यार्थियों का हौसला उपजाई किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कहा कि हमें स्कूल में इतना अच्छा पढ़ाया गया कि हमें यह डर ही नहीं था कि हमारा बोर्ड का एग्जाम है, हमारे स्कूल में बार-बार हुई टेस्ट सीरीज की वजह से हमने आसानी से पेपर दिया और अब हम, ग्रेड से पास हुए हैं। छोटे-छोटे विद्यार्थियो ने कहा कि हमारे स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ हमें अच्छी तरह मोटिवेट भी किया जाता है। वहीं पास हुए छोटे-छोटे सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और स्कूल के टीचर को दिया है। वही इस अवसर पर स्कूल प्रशासन द्वारा सभी बच्चों के विजयी गुलाल लगाकर, माला पहनाकर ओर साफा पहनाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमल कुमार सैनी ने बताया कि यह हमारे विद्यालय का पहला सेशन था। पीजी से लेकर हमारा स्कूल दसवीं कक्षा तक संचालित है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां पर बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ फिजिकल और मानसिक फिट रहे इस बात का भी ध्यान दिया जाता है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य रेणु कलवा, नंदिनी स्वामी, आरती जांगिड़, पिंकी झांकल, रश्मि जोशी, मुस्कान सेन, प्रिया पवार, अनिता सैनी, विशाखा चौधरी, वर्षा तूहानियां, टीना वर्मा, गुड्डु जांगिड़ आदि विद्यालय के टीचर ओर स्टाफमौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया जा रहा नवरात्रा पर्व

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** सरदारशहर में चैत्र नवरात्र में भी गरबा और डांडिया की धूम मची हुई है। शहर के करणी माता मंदिर में डांडिया नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में मंदिर निर्माता तेजकरण सिंघी की ओर से दिन में राम कथा का आयोजन करवाया जा रहा है और रात में डांडिया और गरबा नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नए-नए पारंपरिक परिधानों में महिलाएं और युवतियां डांडिया नृत्य के तहत पुरानी संस्कृति को जीवंत रूप देने का प्रयास कर रही हैं। महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में सुसज्जित होकर एक-दूसरे के संग जमकर डांडिया खेला। शहर भर की महिलाओं युवतियों व नन्ही नन्ही बच्चियों ने शानदार गरबा नृत्य किया। महिलाएं और युवतियां अलग-अलग परिधान पहने हाथ में डांडिया लिए गरबा नृत्य करती हुई दिखाई दी। इस अवसर पर खुशी भाटी ने बताया कि भारतीय लोक नृत्य गरबा से संबंधित कार्यक्रमों की धूम है। उन्होंने बताया कि हम सब महिलाएं लड़कियां बच्चे सब एकत्रित होकर यहां पर मंदिर प्रांगण में डांडिया नृत्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सब पर माता की कृपा बरस रही है। मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। यू तो गरबा का इतिहास भारतीय राज्य गुजरात से जुड़ा है, इसलिए गुजरातियों के बीच यह शैली अत्यंत लोकप्रिय है। इस दौरान भारतीय तो अपनी परंपरा का आनंद लेते ही हैं। सुबह-शाम घर, मंदिरो में मां की पूजा आरती विधि-विधान से की जा रही है। इस दौरान मां के नौ स्वरूपों की आराधना की जाती है। आपको बता दें कि नवरात्रि का पर्व सिर्फ पूजा पाठ तक ही सीमित नहीं है बल्कि सांस्कृतिक पहलू भी इसका उतना ही महत्वपूर्ण है। आपको बता दें कि नवरात्रि में खेले जाने वाले गरबा और डांडिया के बिना नवरात्रि का त्योहार अधूरा माना जाता है। वहीं, डांडिया को देवी दुर्गा और महिषासुर के बीच हुई लड़ाई का प्रतीक माना जाता है। डांडिया में इस्तेमाल की जाने वाली छड़ी को मां दुर्गा की तलवार कहते हैं, जो बुराई का विनाशक प्रतीक है। इस अवसर पर डांडिया नृत्य कर रही महिला वर्षा ने बताया कि नवरात्र के दौरान हर दिन उत्साह रहता है कि जल्दी गरबा और डांडिया नृत्य में जाएं और यहां आकर खूब नृत्य करते हैं और उत्साह के साथ माता रानी के भजनों पर नृत्य करते हैं उन्होंने कहा कि इन नौ दिनों में माता रानी का आशीर्वाद हमारे ऊपर विशेष रूप से बना रहता है।

# लायन्स क्लब के नव पदाधिकारियों का स्वागत



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** लायंस क्लब रीजन 18 जोन 1 के चेयरपर्सन लॉयन एमजेएफ कमल तापड़िया की अध्यक्षता में लायनिज्म वर्ष जुलाई 2026 से जून 2027 के लिए नवीन कार्यकारिणी का निर्विरोध चयन हुआ है। स्थानीय माहेश्वरी भवन में इस हेतु आयोजित बैठक में अध्यक्ष पद पर प्रशांत पारीक, सचिव एडवोकेट रजनीकांत सोनी एवं कोषाध्यक्ष मुरली राठी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। सभी लॉयन साथियों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देकर माला पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्ष प्रशांत पारीक ने धन्यवाद देते हुए कहा कि मुझ पर सभी लॉयन साथियों ने जो विश्वास जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर नव पदाधिकारियों का स्वागत कमला सिंघी, सुषमा मूंधड़ा, सुनीता रावतानी, देवेंद्र बैदी, कमल तापड़िया, सुनीता तापड़िया, अशोक जाजू, देवकिशन मालपानी, अंकित चोटिया आदि ने किया।

# 31 वें नेत्र चिकित्सा शिविर में हुई 155 लोगों की जांच



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** लायंस क्लब सुजानगढ़ एवम शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति जयपुर एवं थानमल प्रेमादेवी गोठड़िया चैरिटेबल ट्रस्ट, सुजानगढ़ के आर्थिक सौजन्य से आज बुधवार को 31वां नेत्र चिकित्सा शिविर माहेश्वरी सेवा सदन में आयाजित किया गया। भामाशाह विनोद गोठड़िया, जोन चेयरपर्सन कमल तापड़िया, अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक, सचिव अशोक जाजू, उपाध्यक्ष एडवोकेट रजनीकांत सोनी एवं शंकरा आई हॉस्पिटल के डॉक्टर नील ने दीप प्रज्ज्वलित किया। भामाशाह विनोद गोठड़िया ने अपने उद्बोधन में लायंस क्लब के सेवा प्रकल्पों की सराहना करते हुए कहा कि नेत्र चिकित्सा शिविर लगाना एवं नेत्र ज्योति लाने में सहायक बनना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब के साथ मिलकर सेवा कार्य करने के लिए हम लोग हमेशा तत्पर हैं। शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम ने 155 रोगियों का परीक्षण किया एवम ऑपरेशन के लिए 55 रोगियों का चयन किया।

क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक ने शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया। लायंस क्लब द्वारा रोगियों को मुफ्त दवाइयां एवम चश्मे दिए गए। लॉयन एम जे एफ कमल तापड़िया, अध्यक्ष प्रशांत पारीक, एडवोकेट रजनीकांत सोनी, देवकृष्ण मालपानी, देवेंद्र बेदी, एडवोकेट अंकित चोटिया, मुरली राठी, कमला सिंघी, सुषमा मूंदड़ा, सुनीता रावतानी, सुनीता तापड़िया एवम सहयोगी मोहम्मद अनवर मौलानी, गोपालचंद सोनी, गिरधारी प्रजापत, मालाराम प्रजापत, आदिल भाटी एवम माहेश्वरी सेवा सदन के पवन शर्मा, विकास व टीम ने भी अपनी सेवाएं दी।

## रामनवमी पर होगी 101 हवाइयों से महाआरती

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** रामनवमी के पावन अवसर पर गुरूवार को चांदपोल बाजार स्थित प्राचीन ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी में श्रीराम जन्मोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तहत दिनभर धार्मिक अनुष्ठान, झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि गुरूवार प्रातः 6 बजे मंगला आरती के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। सुबह 11 बजे 500 किलो दूध, इत्र, गुलाब, केसर व केवड़ा से पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। दोपहर 2 बजे श्रीरामलला जन्म आरती होगी जबकि शाम 7 बजे 101 हवाइयों की सलामी के साथ महाआरती आयोजित होगी जिसमें हजारों महिलाएं सामूहिक आरती करेंगी। वहीं मंदिर में 51 किलो मावा-मेवे का विशेष केक काटा जाएगा और राधिका कल्चरल सोसायटी द्वारा सांस्कृतिक संध्या, बैंड वादन तथा अलौकिक सजावट आकर्षण का केंद्र रहेगी। भगवान श्रीराम दरबार को जरदोजी पोशाक और रजवाड़ी आभूषणों से सजाया जाएगा। रात्रि 10 बजे शोभायात्रा मंदिर पहुंचेगी, जहां स्वागत व बधाई गान होगा। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से पदयात्राएं भी मंदिर पहुंचेंगी। इसके अलावा 27 मार्च को मंदिर परिसर में बधाई उत्सव का आयोजन किया जाएगा। महाआरती में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित संत-महंत और गणमान्यजन के शामिल होने की संभावना है।

# पेंशनरों ने पर प्रदर्शन कर उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के पेंशनर समाज के प्रतिनिधियों ने बुधवार को उपखण्ड अधिकारी कार्यालय समक्ष प्रदर्शन करके प्रधानमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पेंशन वृद्धि का लाभ दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि केंद्र सरकार को पेंशनर्स का वर्गीकरण करने और उनके बीच अंतर बनाये रखने का अधिकार है। 29 मार्च 2025 को जारी नोटिफिकेशन लागु हो गया है, इसे बिना पूर्व सूचना के वित विधेयक के भाग के रूप में पेश किया गया व 25 मार्च 2025 को लोक सभा द्वारा अनुमोदित की तिथि, पेंशन पात्रता के सम्बन्ध में वर्गीकरण और उसके बीच का अंतर का आधार होगा जिससे केंद्रीय वेतन आयोग या किसी भी वेतन आयोग के कार्यकाल से पहले के पेंशनर्स वेतन आयोग के लाभ से वंचित हो जायेंगे मौजूदा पेंशन भोगियो को इस कठिन समय में पेंशन वृद्धि का लाभ न मिलने के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। यह सरकार के घोषित उदेश्यों के विरुद्ध है की वह अपने सभी नागरिकों को सामाजिक न्याय व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास करती है। यह भारत के सर्वोच्च न्यायलय के न्यायिक निर्णयों के विरुद्ध है। यह अधिनियम 1 जनवरी 2026 सेवनृवित्ती हुए मौजूदा पेंशनरो को अपूरणीय क्षति पहुँचाता है। जिस प्रकार सातवें केंद्रीय वेतन आयोग द्वारा दिनांक 01.01.2016 को या उसके बाद सेवानिवृत्ति हुए पूर्व पेंशनरों के से पहले बीच समानता की सिफारिश की गयी थी और केंद्र सरकार द्वारा वर्ष जनवरी 2016 से इसे स्वीकार किया गया था। उसी प्रकार आठवें केंद्रीय वेतन आयोग में भी इस सिद्धांत को यथावत रखा जाए। वित्त विधेयक के रूप में यह काला अधिनियम लोकसभा में 25 मार्च 2025 को पारित हुआ था, जिसे जारी हुए एक वर्ष पूरा हो रहा है। इस अधिनियम के विरोध में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दिल्ली ने भारवर्ष के समस्त राज्यों में दिनांक 25 मार्च 2026 को काला दिवस मानाने का निर्णय लिया है। यह कदम इस कुख्यात अधिनियम के कारन उत्पन्न हमारी परेशानियों की और आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए उठाया गया है। इस अधिनियम के विरोध में राजस्थान पेंशनर्स समाज द्वारा भी 25 मार्च 2026 को काला दिवस के रूप में मनाते हुए प्रधानमंत्री के नाम नोखा उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर केंद्रीय सिविल सेवा पेंशन नियम से सम्बंधित वित्त मंत्रालय द्वारा 29 मार्च 2025 को जारी अधिसूचना को तत्काल वापस लेने के सम्बन्ध में आदेश जारी करने की मांग पेंशनर समाज द्वारा की गयी है। ज्ञापन में बड़ी संख्या में सेवानिवृत व्याख्याता, चिकित्सक, पटवारी सहित पेंशनर्स समाज के प्रतिनिधि शामिल थे।

# उपमुख्यमंत्री आज एमजेडी महाविद्यालय में निर्माण कार्यों का करेंगे लोकार्पण

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा 26 मार्च को सुबह सवा 11 बजे तारानगर आएंगे। उपमुख्यमंत्री बैरवा मां जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय तारानगर में भामाशाह ताराचंद विमी गोयल की ओर से अपने पिता राधाकृष्ण भगत व माता नारायणी देवी की पुण्य स्मृति में नवनिर्मित विज्ञान भवन के नवीन कक्षा-कक्षों के लोकार्पण व भामाशाह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह की अध्यक्षता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि चूरू विधायक हरलाल सहारण, पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया, भाजपा नेता राकेश जांगिड़, पूर्व पालिकाध्यक्ष जसवंत स्वामी, तपोवन सन्त नागरदास महाराज, श्रीकुमार लाखोटिया, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपालशरण गर्ग, राष्ट्रीय चेयरमैन भामाशाह श्यामसुंदर चाचाण होंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कार्यकर्ताओं के साथ महाविद्यालय परिसर में लगे समारोह स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया व तैयारियों में लगे महाविद्यालय प्रशासन को उचित दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एमजेडी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सत्यवती बुडानिया, अजीतसिंह राठौड़ आदि मौजूद थे।

## हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा 3 अप्रैल को : परकोटा गणेश मंदिर में दिया निमंत्रण



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री हनुमन्त शोभायात्रा समिति जयपुर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रुद्र अवतारी अजर.अमर भगवान श्री हनुमान जी महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष पर विशाल शोभायात्रा 03 अप्रैल को सायंकाल सांगानेरी गेट स्थित हनुमानजी के मंदिर से निकाली जाएगी।

इस शोभा यात्रा का गणेश निमंत्रण बुधवार को चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर में समिति के पदाधिकारी ने गणेश जी की पूजा अर्चना कर दिया। महंत अमित शर्मा ने माला दुपट्टा प्रसाद देकर समिति के लोगों का सम्मान किया। समिति के धुव्र दास अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, घनश्याम मंत्री, सोहन लाल ताम्बी, वीर कुमार जैन ने गणेश जी महाराज की विशेष पूजा अर्चना कर गणेश निमंत्रण दिया। शोभायात्रा सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर से रवाना होकर जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, किशनपोल बाजार, इंदिरा बाजार, खजाने वालों के रास्ते होती हुई चांदपोल दरवाजे स्थित भगवान श्री हनुमानजी महाराज के मंदिर पहुंचेगी।

## सम्पादकीय

# सराहनीय निर्णय, सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला



सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय वास्तव में मील का पत्थर और सराहनीय है कि यदि अनुसूचित जाति का कोई हिंदू, सिख या बौद्ध अन्य किसी पंथ को स्वीकार कर लेता है तो वह एससी का दर्जा खो देता है और साथ ही एससी-एसटी एक्ट के उपयोग का अधिकारी भी नहीं रह जाता। यह निर्णय आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के उस फैसले पर मुहर है, जिसमें उसने अनुसूचित जाति के हिंदू से ईसाई बने एक व्यक्ति को एससी-एसटी एक्ट का इस्तेमाल करने से इस आधार पर खारिज कर दिया था कि पंथ परिवर्तन के साथ ही वह अनुसूचित जाति का दर्जा खो चुका है।

इसे विडंबना ही कहेंगे कि यह मतांतरित व्यक्ति पादरी के रूप में सक्रिय था, फिर भी एससी-एसटी एक्ट का इस्तेमाल करना चाह रहा था। देश में एससी समाज के न जाने कितने हिंदू, सिख या बौद्ध हैं, जिन्होंने समय के साथ विभिन्न कारणों से ईसाइयत या इस्लाम को अपनाया। इन कारणों में एक बड़ा कारण लोभ-लालच और छल-छद्म है। यह किसी से छिपा नहीं कि ईसाई मिशनरियां और मुस्लिम दावा समूह गुपचुप रूप से हिंदू, सिख और बौद्ध समाज के निर्धन वंचित लोगों का छल-छद्म से मतांतरण कराते रहते हैं। उनके चंगुल में आम तौर एससी और एसटी समाज के लोग फंसते हैं। ऐसे सुनियोजित मतांतरण को रोकने के लिए कई राज्यों ने कानून भी बनाए हैं, लेकिन वे प्रभावी नहीं सिद्ध हो पा रहे हैं। इन्हें प्रभावी होना चाहिए, क्योंकि लालच और छल-कपट के सहारे कराया जाने वाला मतांतरण एक तरह का राष्ट्रांतरण है।

एक ओर तो ईसाई और मुस्लिम समाज के पंथिक नेता डंके की चोट पर यह कहते हैं कि उनके यहां जाति जैसी कोई मान्यता नहीं और दूसरी ओर यह देखने में आ रहा है कि दलित ईसाई और दलित मुस्लिम जैसी अवधारणाएं अस्तित्व में आ गई हैं। कहीं-कहीं तो दलित ईसाइयों के संगठन भी बन गए हैं, जो इसकी पैरवी करते रहते हैं कि मतांतरित होने के बाद भी उन्हें एससी का दर्जा और उसके तहत मिलने वाली सुविधाएं और विशेष रूप से आरक्षण के लाभ प्राप्त हों।

देखना है कि सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले के बाद इस तरह की पैरवी बंद होती है या नहीं? जो भी हो, यह ठीक नहीं कि मतांतरण के जरिये सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने एवं संवैधानिक प्रविधानों और खासकर आरक्षण का बेजा लाभ उठाने की कोशिश की जाए। यह तो कतई अस्वीकार्य है कि अनुसूचित समाज का कोई हिंदू, सिख या बौद्ध मतांतरित होकर अल्पसंख्यकों को मिलने वाले लाभ भी अर्जित करे और एससी-एसटी के तहत प्राप्त होने वाली सुविधाएं भी ले।

इस दोहरे लाभ की चाह लालच से कराए जाने वाले मतांतरण को बल ही देती है। ऐसे में उचित यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट ऐसी कोई व्यवस्था दे, जिससे जो सामाजिक और आर्थिक रूप से वास्तव में पिछड़ा या वंचित है, उसे ही आरक्षण का लाभ मिले।

## विशेष आलेख

# मजहबी खेमों की भी मोर्चेबंदी







पश्चिम एशिया में छिड़ा युद्ध केवल ईरान बनाम इजरायल या तेहरान बनाम वाशिंगटन संघर्ष के रूप में ही सिमटकर नहीं रह गया है। यह टकराव अब और खतरनाक स्वरूप लेकर बहुस्तरीय बनता जा रहा है। इसमें भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के साथ ही वर्गीय पहचान, वैचारिक वैधता और रणनीतिक अवसरवाद जैसे पहलू भी जुड़ते जा रहे हैं। संघर्ष का दायरा भी गाजा की सड़कों से लेकर पाकिस्तान के जनजातीय इलाकों तक फैल गया है। इसमें शिया-सुन्नी टकराव की लकीरें भी चौड़ी हो रही हैं। यह किसी से छिपा नहीं है कि 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से ईरान ने अपने वैचारिक प्रभाव को अपनी सीमाओं से परे बढ़ाने के भरसक प्रयास किए।

चूंकि इस इलाके की आबादी मुख्य रूप से सुन्नी बहुतायत वाली है, इसलिए शिया बहुल ईरान को वैचारिक मोर्चे पर वैधता के लिए संघर्ष ही करना पड़ा। अपने वैचारिक प्रभाव की राह में आ रहे अवरोधों की काट के लिए उसने स्वयं को फलस्तीन संघर्ष जैसी उन मांगों के साथ जोड़ लिया, जिसमें वैचारिक दरारों के लिए कोई जगह ही नहीं बचे। इसके लिए उसने कुछ संगठनों को पोषित करने से भी परहेज नहीं किया। इससे जहां ईरान के नेतृत्व में शिया संगठनों का नेटवर्क उभरा तो दूसरी ओर सुन्नी प्रभाव वाले सऊदी अरब एवं संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी के राजशाही वाले देश थे। अमेरिकी सुरक्षा ढांचे पर निर्भर इन देशों की समय के साथ इजरायल के साथ नजदीकियां भी बढ़ती गईं। दोनों खेमों के बीच यह विभाजन केवल मजहबी नहीं, बल्कि भूराजनीतिक भी है। पश्चिम एशिया में संघर्ष की परतें मजहबी मान्यताओं से अधिक राजनीतिक हितों और शक्ति-संतुलन से जुड़ी हैं। सुन्नी देश ईरान को एक विस्तारवादी वैचारिक खतरे के रूप में देखते हैं, क्योंकि वह अपने प्रभाव के विस्तार के लिए प्रयासरत है और विभिन्न संगठनों के जरिये अपनी पकड़ मजबूत करता है। वहीं, ईरान सुन्नी देशों को पश्चिमी शक्तियों के ऐसे प्रतिनिधि के रूप में देखता है, जो उसके प्रभाव को सीमित करने का काम करते हैं। यही इस संघर्ष का केंद्रीय विरोधाभास है, जहां एक शिया खेमा सुन्नी असंतोष से ताकत हासिल करता है, वहीं सुन्नी शासन तंत्र उसी पश्चिम-समर्थित व्यवस्था के साथ खड़ा है, जिसका अक्सर उसके अपने लोग ही विरोध करते हैं।

ईरान के विरुद्ध अमेरिका-इजरायल की कोई जमीनी या व्यापक सैन्य कार्रवाई 2003 के इराक युद्ध की तुलना में कई गुना जटिल होगी। उन्हें भौगोलिक, सैन्य और वैचारिक तीनों ही स्तरों पर कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। ईरान, इराक जैसा नही हैं। यह आकार में कहीं बड़ा, सामाजिक रूप से अधिक सुसंगठित और मूलतः एकजुट राष्ट्र है। यहां स्थानीय मिलीशिया भी मजबूत हैं, जो एक साथ कई मोर्चे खोलने की क्षमता रखते हैं। ईरान की पूर्वी सीमा पाकिस्तान और अफगानिस्तान से सटी हुई है। सुन्नी विद्रोहियों का गढ़ होने के नाते यह चरमपंथी गतिविधियों का केंद्र रहा है। आइएसआइएस-खुरासान और जैश अल-अदल जैसे संगठन इसी क्षेत्र में सक्रिय हैं। ये कट्टर शिया विरोध की जमीन पर ही पनपे हैं और ईरान का प्रतिरोध करते हैं। ये समूह एक वैकल्पिक दबाव तंत्र बना सकते हैं। यानी ईरान के पश्चिमी मोर्चों पर मजबूत किलेबंदी से टकराने के बजाय उसकी पूर्वी सीमा पर अस्थिरता पैदा की जा सकती है। इससे ईरान के सुरक्षा ढांचे पर दबाव बढ़ेगा। उसे पूर्वी सीमा पर अपने सैन्य संसाधन झोंकने पड़ेंगे, जिससे दूसरे मोर्चों पर उसकी कमजोरियां बढ़ेंगी। अमेरिका सोवियत-अफगान युद्ध के दौरान ऐसे पैंतरे आजमा कर सैन्य हस्तक्षेप के बिना ही रणनीतिक लाभ हासिल कर चुका है। हालांकि आज हालात उतने अनुकूल नहीं। उस दौर के उलट आज अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय आतंकियों में एका का अभाव है। उन पर नियंत्रण भी मुश्किल है। एक बार सक्रिय करने के बाद उन्हें निष्क्रिय करना भी मुश्किल है। कई बार तो ये भस्मासुर साबित होते हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष ने पहले से जटिल इस स्थिति को और भी उलझा दिया है। पाकिस्तान के लिए वर्तमान स्थिति अपनी भूराजनीतिक प्रासंगिकता को वापस पाने की भी है। अतीत पर दृष्टि डालें तो पाकिस्तान ऐसे मौकों को भुनाने में पारंगत रहा है। सोवियत-अफगान युद्ध में अपने सहयोग के बदले उसने वाशिंगटन से तमाम सामरिक एवं आर्थिक लाभ हासिल किए। पाकिस्तान को ईरान संकट में भी ऐसा ही मौका नजर आ रहा है, पर इस बार शायद उसके भाग्य से छींका न टूटे। इसका कारण यह है कि अफगानिस्तान में तालिबान शासन अब पाकिस्तानी रहमोकरम पर नहीं। वह अपनी स्वायत्तता पर अड़ा है। पाकिस्तानी दबाव का प्रतिरोध करने के साथ ही वह अपनी प्राथमिकताएं भी तय कर रहा है। इससे तनाव निरंतर बढ़ रहा है। यह भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि अफगानिस्तान में तमाम तरह के आतंकी समूह सक्रिय हैं। इनकी निष्ठाएं समय के साथ बदलती रहती हैं और इनका एजेंडा भी अक्सर व्यापक क्षेत्रीय संघर्षों के साथ जुड़ जाता है। यदि ये समूह बाहरी शक्तियों के पिट्ठुओं या अपने स्वयं के मजहबी एजेंडे के तहत ईरान संघर्ष में उतरते हैं तो फिर पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया के बीच की रेखाएं धुंधली पड़ती जाएंगी। ऐसी स्थिति में आकार लेने वाला परिदृश्य ऐसी रणभूमि के रूप में रूपांतरित हो जाएगा, जहां हर एक मोर्चा दूसरे से जुड़ा हुआ होगा। इसमें वही भौगोलिक एवं मजहबी दरारें उभरेंगी, जहां ईरानी प्रभाव, सुन्नी असंतोष, अमेरिकी रणनीतिक हित और ऐतिहासिक कड़ियां एक दूसरे से टकराती हैं। यह टकराव केवल यहीं तक सीमित नहीं रहने वाला। इसकी आंच सिलसिलेवार ढंग से सीरिया और खाड़ी के साथ ही पूरब में अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान तक फैलती जाएंगी। पश्चिम एशिया में अब यही खतरा उभर रहा है, क्योंकि यह दो राज्य शक्तियों के बीच का युद्ध नहीं, बल्कि पहचान का ऐसा संघर्ष बनता जा रहा है, जिसके प्रतीकों के सिरे कर्बला से लेकर दमिश्क तक और गाजा से लेकर पाकिस्तान की जनजातीय सीमाओं तक जुड़ते हैं। इसमें 21वीं सदी के भू-राजनीतिक मानचित्र को पुनः परिभाषित करने की क्षमता है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। किसी व्यावसायिक काम के लिये यात्रा पर जा सकते हैं। विद्यार्थी अपना समय अध्ययन में लगायेंगे। आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे। आपको भाग्य का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

### वृष

खुद को ज्यादा आशावादी बनने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ़ आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और व्यवहार लचीला होगा, बल्कि डर, ईर्ष्या और नफरत जैसे नकारात्मक मनोभावों में भी कमी आएगी। आप अच्छा पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप पारंपरिक तौर पर निवेश करें।

### मिथुन

अपनी खुशियों को दूसरों के साथ साझा करना आपकी सेहत को भी बेहतर करेगा। लेकिन ख़याल रखें कि इसे नजरअंदाज़ करना बाद में भारी पड़ सकता है। शाम के समय सामाजिक गतिविधियां उससे कई बेहतर रहेंगी, जितनी आपने उम्मीद की थी।

### कर्क

आपकी लगन और मेहनत पर लोग ग़ौर करेंगे और आज इसके चलते आपको कुछ वित्तीय लाभ मिल सकता है। दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ शाम के आयोजन में शिरकत करें। पार्टनर की भावनाओं को समझेंगे तो आपका रिश्ता और भी अधिक मजबूत होगा।

### सिंह

पैसे से जुड़ा कोई भी फैसला करने से पहले एक बार फिर सोच लें ताकि हालात संभले रहें। आज नया वाहन और नया घर खरीद सकते है। आपको अपने परिवार का भरपूर साथ मिलेगा। वैवाहिक जीवन में मुद्दों को सुलझाने की दिशा में काम करने में समझदारी हो सकती है।

### कन्या

आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा आपको करियर में तरक्की मिलेगी और परिवार में खुशियां आएंगी। आपको गुस्सा करने से बचना होगा और खासकर किसी ऐसी बात से बचना होगा जो किसी का दिल दुखाए। आस्था और विश्वास से काम पूरे होंगे।

### तुला

दिन की शुरूआत अच्छी रहेगी। जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। थोड़ी सी तकलीफों पर अगर ध्यान न दे तो यह दिन आपके लिए शुभ होगा। आज भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा। पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की भी संभावना है। कार्यक्षेत्र में काम का बोझ बना रहेगा।

### वृश्चिक

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बिजनेस में कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। इसमें आप सफल भी होंगे। आपको मनचाहा परिणाम मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य उत्तम रहेगा। आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी।

### धनु

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम कर सकते हैं। खाने की चीज के प्रति आपका अधिक लगाव हो सकता है। आपके घर-परिवार का वातावरण शांतिदायक रहेगा। आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। दूसरों के साथ खुशी बांटने से सेहत और खिलेगी।

### मकर

आज रुके कार्यों को गति मिलेगी। कार्यक्षेत्र में काम का बोझ बना रहेगा। पार्टनर की भावनाओं को समझेंगे तो आपका रिश्ता और भी अधिक मजबूत होगा, आपको अपनी किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। विद्यार्थियों को करियर से जुड़ा कोई अहम फैसला लेना पड़ सकता है।

### कुंभ

आज आपकी पारिवारिक उलझनें बढ़ सकती हैं। अत्यधिक क्रोध से आपका कोई बना हुआ कार्य बिगड़ सकता है। आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। आपके दाम्पत्य जीवन में नई चेतना का संचार हो सकता है। आज रुके कार्यों को गति मिलेगी।

### मीन

मजबूती और निडरता का गुण आपकी मानसिक क्षमताओं में इजाफा करेगा। किसी भी तरह के हालात को काबू में रखने के लिए इस रफ़्तार को बरकरार रखिए। बैंक से जुड़े लेन-देन में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। सेहत के मामले में आप फिट रहेंगे।

## स्वास्थ्य समाचार

# क्या बच्चों के लिए सुरक्षित होता है मखाना?

मखाना बच्चों के लिए बहुत ही हेल्दी माना जाता है। इसके सेवन से बच्चों को भरपूर रूप से पोषण मिलता है। बढ़ते बच्चों के बेहतर विकास के लिए आप उन्हें नियमित रूप से मखाना दे सकते हैं। इससे उनके शरीर को भरपूर रूप से कैल्शियम प्राप्त होता है। साथ ही मांसपेशियों का विकास भी अच्छे से होता है, लेकिन ध्यान रखें कि बच्चों को अधिक मात्रा में मखाना न दें। अधिक मात्रा में बच्चों को मखाना देने से उनके शरीर को नुकसान भी पहुंच सकता है।



### मखाना से बच्चों को होने वाले नुकसान

मखाना बच्चों के लिए फायदेमंद होता है। हालांकि, अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से आपके बच्चों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए सीमित मात्रा में बच्चों को मखाना दें।

### क्या बच्चों के लिए मखाना सुरक्षित है

मखाना बच्चों के लिए सुरक्षित होता है। इस आप अपने बच्चों को कई तरह से दे सकते हैं। अधिकतर पेरेंट्स बच्चों को मखाना रोस्ट करके देते हैं। इसके अलावा अगर आपके बच्चे का दांत सही तरीके से नहीं आया है, तो इस स्थिति में आप उन्हें मखाना खीर के रूप में भी दे सकते हैं। इसके अलावा मखाना कई अन्य तरीकों से भी दिया जा सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि बच्चों को अधिक मात्रा में मखाना न दें। दरअसल, मखाना फाइबर की अधिकता होती है, जिसकी वजह से बच्चों को कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं।

### क्या मखाना खाने से बच्चों को हो सकती है गैस की समस्या?

एक्सपर्ट का कहना है कि सीमित मात्रा में मखाना खाने से बच्चों को गैस की परेशानी नहीं होती है। हालांकि, अगर आप उन्हें काफी ज्यादा मखाना



खिलाते हैं, तो इससे उन्हें गैस, अपच जैसी परेशानी हो सकती है। दरअसल, मखाना फाइबर से भरपूर होता है, ऐसे में बच्चों को अधिक मात्रा में मखाना देने से उनका पाचन बिगड़ सकता है।

### क्या मखाना खाने से बच्चों को वजन बढ़ता है?


बच्चों को नियमित रूप से मखाना देने से बच्चों का हेल्दी वेट गेन हो सकता है। साथ ही उनकी इम्यून पावर भी बूस्ट हो सकती है। 6 माह से ऊपर के बच्चों को नियमित रूप से मखाना रोस्ट करके दिया जा सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि बच्चों को सीमित मात्रा में ही मखाना दें।

### क्या मखाना शरीर को गर्म करता है?

मखाना की तासीर गर्म होती है। ऐसे में अगर आप अपने बच्चों को अधिक मात्रा में मखाना खिलाते हैं, तो उन्हें यह गर्म कर सकता है। इसलिए कोशिश करें कि 1 दिन में 10 से 20 मखाना ही बच्चों को दें।

# बच्चों को एक्टिव रखने के लिए माता-पिता अपनाएं यह तरीके, दिनभर नहीं करेंगे तंग

आज के समय में बच्चों का एक्टिव और ऊर्जावान होना बेहद जरूरी है। इससे उनके विकास पर भी असर पड़ता है। वहीं अगर बच्चे सुस्ती महसूस करते हैं तो इसका असर उनकी ग्रोथ पर भी पड़ सकता है। ऐसे में माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को एक्टिव रखने के लिए कुछ तरीकों की मदद लें। बता दें कि बच्चों की दिनचर्या में थोड़ा सा बदलाव करके उन्हें एक्टिव रखा जा सकता है।



### सीढ़ियां चढ़ने के लिए बोलें

बच्चों को एक्टिव रखने का सबसे अच्छा तरीका है उन्हें सीढ़ी चढ़ने के लिए कहें। इससे ना केवल बच्चे एक्टिव फील करेंगे बल्कि उनकी सुस्ती भी भाग जाएगी। ऐसे में आप बच्चे को किसी काम के लिए कह सकते हैं। या आप खुद भी उनके साथ इस एक्टिविटी को अपना सकते हैं। ऐसा करने से आप भी खुद को एक्टिव महसूस करेंगे और बच्चे आपको देख-दखकर आगे बढ़ेंगे।

### डिनर के बाद जाएं बाहर

आज के समय में माता-पिता डिनर के बाद टेलीविजन देखने बैठ जाते हैं। ऐसे में उन्हें देखा-देख बच्चे भी यही पैटर्न अपनाना शुरू कर देते हैं। ऐसे में सबसे पहले माता-पिता को अपनी आदत बदलनी होगी। उसके बाद ही वे अपने बच्चों की आदत बदल पाएंगे। खाना खाने के बाद घूमने जाएं, जिससे ना केवल बच्चों में अच्छी आदत पैदा होगी बल्कि उनकी सुस्ती भी दूर हो जाएगी।

### स्कूल से घर कर जाएं पैदल

अगर बच्चों का स्कूल पास है तो किसी व्हीकल लेने की बजाय उसे पैदल छोड़ने जाएं। इससे भी उसके अंदर ऊर्जा का संचार होगा और वो पैदल चलन के लिए प्रेरित होगा। बता दें कि पैदल चलने से ना केवल बच्चे की शारीरिक गतिविधि का विकास होगा ब्लकि वे एक्टिव भी रहेंगे। इससे अलग यदि आप बच्चे के साथ मार्केट जा रहे हो तो ऐसे में खुद भी पैदल जाने की कोशिश करें।

### बच्चों की लें घर के कामों में मदद

अगर माता-पिता बच्चों की मदद घर के काम में लेंगे तो इससे ना केवल उन्हें एक्टिव रहने में मदद मिलेगी बल्कि घर के कामों में बच्चों की भागीदारी भी बढ़ेगी। ऐसे में माता-पिता बच्चों से बर्तन धुलवा सकते हैं या कार साफ करने के लिए कह सकते हैं।

### डांसिंग क्लास में हिस्सेदारी

बच्चे को एक्टिव बनाने के लिए डांस क्लास आपके बेहद काम आ सकती है। कई शारीरिक गतिविधियां इसमें शामिल होती हैं, जिससे बच्चे की ना केवल एक्सरसाइज हो जाती है बल्कि वो एक्टिव भी महसूस कर सकता है। इससे अलग डांस क्लास के अलावा माता-पिता बच्चों को साइकिल के लिए भेज सकते हैं या उनसे रनिंग के लिए भी बोल सकते हैं। इससे वे एक्टिव रहने के लिए प्रेरित होंगे।



# बाजू और छाती का वजन बढ़ाने के लिए अपनाएं यह उपाय

कुछ लोगों के पेट, पैरों और फेस पर तो अच्छी चर्बी होती है, लेकिन इनकी तुलना में हाथ और छाती काफी कमजोर और पतले नजर आते हैं। ऐसे में अकसर लोग सप्लीमेंट लेना शुरू कर देते हैं, लेकिन इससे हाथ और छाती का नहीं, बल्कि पूरे शरीर का ही वजन बढ़ने लगता है। अगर आप सिर्फ अपने हाथों और छाती को मजबूत बनाना चाहते हैं या फिर इनकी मसल्स गेन करना चाहते हैं, तो कुछ उपाय आजमा सकते हैं। इससे आपकी मसल्स स्ट्रॉन्ग बनेंगी और आपकी बॉडी एक जैसी नजर आएगी।

### पुशअप्स करें

- पुशअप्श एक्सरसाइज से आप अपने बाजू और छाती का वजन बढ़ा सकते हैं।
- इसे करने के लिए आप पेट के बल लेट जाएं।
- पैरों और कमर को बिल्कुल सीधा रखें।
- अब अपने हथेलियों को कंधों के समान रखें।
- इसके बाद हाथों पर वजन डालते हुए सिर से लेकर एड़ी तक शरीर को ऊपर उठाएं।
- फिर शरीर को नीचे लेकर जाएं और ऊपर उठाएं।
- पुशअप्स लगाते समय कोर को टाइट रखें।
- आप इस तरह से 15-20 रेप्स लगा सकते हैं।
- रेगुलर पुशअप्स लगाने से वजन बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

### डिक्लाइन बेंच प्रेस

- डिक्लाइन बेंच प्रेस एक्सरसाइज करने से आपको अपने बाजू और सीने का वजन बढ़ाने में मदद मिल सकती है। इस एक्सरसाइज को आप आसानी से घर पर भी कर सकते हैं।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने पुलिस नियंत्रण कक्ष, जयपुर की वायरलेस शाखा तथा यातायात कंट्रोल रूम में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाएं देने वाले आठ कार्मिकों को नगद ईनाम, प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह तथा दो पुलिसकर्मियों को कांस्टेबल ऑफ द मंथअवार्ड से सम्मानित किया। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि कंट्रोल रूम एवं यातायात कंट्रोल रूम में कार्यरत कार्मिक शहर की पुलिस व्यवस्था की अत्यंत महत्वपूर्ण और सशक्त कड़ी हैं। ये कार्मिक विभिन्न धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली, धार्मिक आयोजन, शोभायात्राओं, आपराधिक घटनाओं की सूचना संप्रेषण व्यवस्था तथा वीआईपी-वीवीआईपी सुरक्षा जैसे संवेदनशील अवसरों पर उच्चाधिकारियों के निर्देशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करते हुए त्वरित वायरलेस कम्युनिकेशन एवं आपसी समन्वय से शहर की कानून-व्यवस्था तथा सुचारू यातायात संचालन बनाए रखने में अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि धार्मिक आयोजनों एवं शोभायात्राओं के दौरान जाप्ता नियोजन, आपराधिक घटनाओं की सटीक एवं त्वरित सूचना उपलब्ध करवाने, संवेदनशील परिस्थितियों में समन्वित संचार व्यवस्था बनाए रखने तथा वीआईपी-वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा प्रबंधन को प्रभावी बनाने में इन कार्मिकों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। साथ ही आमजन के लिए निर्बाध एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के लिए परिस्थिति एवं आवश्यकतानुसार सूचनाएं उपलब्ध करवाते हुए यातायात के प्रभावी समायोजन एवं नियंत्रण में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुलिस कमिश्नर ने बुधवार को पुलिस आयुक्तालय में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस कंट्रोल रूम के हैड कांस्टेबल अनिल कुमार, हैड कांस्टेबल लालचंद कुमावत, कांस्टेबल जगदीश प्रसाद, कांस्टेबल मालीराम तथा यातायात कंट्रोल रूम के हैड कांस्टेबल सुल्तान सिंह, कांस्टेबल कपिलदेव, कांस्टेबल विजय कुमार एवं कांस्टेबल प्रमोद कुमार को उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए 101 रुपये नकद ईनाम, प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सचिन मित्तल ने कहा कि कंट्रोल रूम एवं यातायात कंट्रोल रूम में कार्यरत कार्मिकों की सजगता, त्वरित प्रतिक्रिया, समन्वय क्षमता, धैर्य और कर्तव्यनिष्ठा पुलिस व्यवस्था को मजबूत आधार प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि इन कार्मिकों ने मेहनत, लगन, सतर्कता एवं कार्यकुशलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर न केवल कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया है, बल्कि अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसके अलावा इस अवसर पर उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले दो पुलिसकर्मियों को कांस्टेबल ऑफ द मंथ अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। फरवरी माह 2026 के लिए यह पुरस्कार पुलिस कंट्रोल रूम के कांस्टेबल रामविलास तथा यातायात जयपुर के कांस्टेबल राकेश कुमार को प्रदान किया गया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि कांस्टेबल रामविलास ने वायरलेस ऑपरेटर के रूप में कार्यरत रहते हुए विभिन्न धरना, जुलूस, प्रदर्शन, रैली एवं वीवीआईपी सुरक्षा ड्यूटी के दौरान प्राप्त निर्देशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करते हुए त्वरित वायरलेस कम्युनिकेशन एवं बेहतर समन्वय के माध्यम से शहर में कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं कांस्टेबल राकेश कुमार ने यातायात कंट्रोल रूम में पदस्थापित रहकर वीआईपी एवं वीवीआईपी विजिट के दौरान वायरलेस ऑपरेटिंग, यातायात संचालन एवं प्रबंधन का कार्य दक्षता, सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित कर सराहनीय योगदान दिया।

## मेगा पीटीएम आयोजित

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय राजकीय भींवसरिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विभागीय निर्देशानुसार मेगा पीटीएम का आयोजन कर स्थानीय परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। पी टी एम में राजेंद्र गिड़िया, बजरंग सेन, घनश्याम नाथ कच्छावा, सुलोचना प्रजापत, प्रमिला राठी व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। पीटीएम में करीब 250 अभिभावक मौजूद रहे, जिन्होंने परीक्षा परिणाम प्राप्त किया। प्रधानाचार्या शीतल मिश्रा ने बताया कि कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सनवीरा, दीपिका, मोनिका प्रजापत, अलवीरा, सुमन जाट, मुस्कान गोपालपुरिया, सोनाली सेन, मनीषा जांगिड़, साहिबा, मनीषा प्रजापत, पायल जांगिड़, बेला, साजिया, वर्षा आदि को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्या ने अभिभावकों को सघन प्रवेशोत्सव की जानकारी प्रदान की तथा विद्यार्थियों और अभिभावकों से नामांकन वृद्धि की अपील की। उन्होंने जानकारी दी कि इंडियन सेंटर फॉर प्लास्टिक इन द एन्वायरमेंट द्वारा आयोजित ऑल इंडिया स्कूल कॉन्टेस्ट 2025 में विद्यालय ने संपूर्ण भारत में तृतीय स्थान और राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके लिए विद्यालय को .इंडियन सेंटर फॉर प्लास्टिक इन द एन्वायरमेंट के द्वारा प्रमाण पत्र और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया है। सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ द्वारा विद्यालय को तीन वॉइस एम्पलीफायर और दो सेनेटरी पैड डिस्पोज्ड मशीन प्रदान की गई।

## टॉपर छात्र नमन के पिता का किया सम्मान



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** सीएलआरजीएम पब्लिक स्कूल, तारानगर के छात्र नमन मेहरा के कक्षा 10वीं की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक हासिल कर संपूर्ण राजस्थान की वरीयता सूची में व चूरू जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों ने उन्हें और उनके परिवार को विशेष सम्मान दिया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीबीईओ बबलेश शर्मा ने नमन के पिता जेईएन जगदीश मेहरा तारानगर पंचायत समिति का मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भव्य अभिनंदन किया। इस दौरान सीबीईओ शर्मा ने कहा कि नमन जैसे विद्यार्थियों की मेहनत और उनके माता-पिता का त्याग ही ग्रामीण अंचल में शिक्षा की नई क्रांति लेकर आता है। इस मौके पर संजय कुमार शर्मा एसीबीईओ प्रथम, रामनिवास तेतरवाल आरपीए श्रवण सिंह चारण, पवन कुमार, राकेश खीचड़ सहित अनेक कार्यालय कार्मिक मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने किए लोहार्गल धाम के दर्शन




संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** लोहार्गल धाम रामानुज सूर्य मठ मंदिर सूर्यकुंड में जिला कलेक्टर झुंझुनू अरुण गर्ग ने सपत्नीक धोक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। लोहार्गल सूर्य मठ के पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य महंत स्वामी अवधेशाचार्य महाराज ने शॉल व दुशाला ओढ़ाकर भगवान सूर्यनारायण का प्रतिबिंब भेंट कर आशीर्वाद दिया। झुंझुनू कलेक्टर अरुण गर्ग ने भगवान सूर्य नारायण से मनोकामना मांग कर क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। इस मौके पर निरंजन शर्मा, मुकेश शर्मा, सांवर सेन, महेश शर्मा, नंदलाल शर्मा, लोहार्गल ग्राम सेवक सीताराम आदि मौजूद रहे।

## नर्मदा नायक बनी सब-जूनियर राज्य हॉकी टीम की कप्तान

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती गांव मलसीसर की बेटी नर्मदा नायक के राज्य की सब-जूनियर हॉकी टीम का कप्तान नियुक्त होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। मलसीसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की पूर्व छात्रा नर्मदा नायक की इस उपलब्धि पर व्याख्याता धर्मसिंह मीणा ने खुशी का इजहार करते हुए नर्मदा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होने बताया कि नर्मदा विद्यालय की एक होनहार छात्रा रही है, जिसकी इस उपलब्धि से सुजानगढ़ के साथ पूरे चूरू जिले का मान बढ़ा है। मीणा ने बताया कि छतीसगढ़ के राजनांदगांव में आयोजित होने वाली सब-जूनियर वेस्ट जोन महिला हॉकी प्रतियोगिता और झारखंड के रांची में 1 अप्रैल से शुरू होने वाली राष्ट्रीय सब.जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता में राज्य की सब-जूनियर हॉकी टीम का कप्तान के रूप में नर्मदा नायक द्वारा नेतृत्व किया जायेगा। नायक समाज के तहसील सचिव हंसराज नायक ने बताया कि नायक समाज की बेटी के राजस्थान की सब जूनियर हॉकी टीम का कप्तान बनने से नायक समाज के साथ ही पूरे सुजानगढ़ क्षेत्र में खुशी और गौरव का माहौल है।

## अखण्ड जोत लेने आई टीम का स्वागत किया

हर्ष सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज एवं ज्वेलर्स एशोसिएशन शाखा झुंझुनू के तत्वावधान में झोटवाड़ा स्थित लालदास बगीची में बनाए जा रहे मंदिर के लिए राणी सती मंदिर व कोटड़ी शक्ति स्थल से अखण्ड जोत लेने आए भक्तों का सम्मान किया गया। केसरिया बाजार झुंझुनू के प्रोपराइटर समंदर सिंह कचेरा ने दुपट्टे ओढ़ाकर कर उनका सम्मान किया। जयपुर टीम के नारायण मौसूण के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष श्रीराम भामा, नरेश नारनोली, प्रभुदयाल छापरवाल, सांवरमल डांवर, दिनेश नारनोली, राकेश कड़ेल, नरोत्तम कड़ेल, विनोद रोडा, दिलीप डांवर, मुकेश धूपड़, गंगाधर कड़ेल, लीलाधर सुनालि, बंटी कड़ेल, नरेशएदीपक आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने राजलदेसर पुलिस थाने का किया निरीक्षण

निसं



**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर में बुधवार को चूरू एसपी निश्चय प्रसाद एम ने बीकानेर जाते समय राजलदेसर पुलिस थाने का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए पुलिस जवानों ने एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। एसपी निश्चय प्रसाद एम ने मालखाना, हवालात, कप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड रूम, मैस और पुलिसकर्मियों के क्वार्टर का बारीकी से मुआयना किया उन्होंने राजलदेसर थानाधिकारी से क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की विस्तृत जानकारी भी ली निरीक्षण के दौरान एसपी ने निर्देश दिए कि थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए उन्होंने कहा कि शिकायतों का यथा संभव समय पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर क्राइम तेजी से बढ़ रहा है और लोग इसके प्रति पूरी तरह जागरूक नहीं हैं। ऐसे में साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड और डिजिटल अपराधों से निपटने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

इसके लिए तकनीकी टीम को और मजबूत किया जाएगा और आमजन को भी जागरूक किया जाएगा। साथ ही उन्होंने राजलदेसर पुलिस थाने की व्यवस्था की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर पत्रकारों ने राजलदेसर पुलिस थाने में लंबे समय से स्टाफ की कमी को लेकर अवगत कराया जिस पर पुलिस अधीक्षक ने कहा अभी मैं चूरु जिले के सभी पुलिस थानों का निरीक्षण कर रहा हूं निरीक्षण के बाद में जहां पर जरूरत होगी वहां पर पुलिस के जवान लगा दिए जाएंगे साथ ही उन्होंने तेज गति से वाहन चलाने वाले लोगों से आग्रह किया कि जीवन बहुत अनमोल है सभी नेशनल हाईवे रोड पर हाई लेवल के कैमरे लग चुके हैं जो स्पीड निर्धारित की गई है उसी हिसाब से चलाएं साथ ही वाहन चलाते समय यातायात नियमों का भी पालन करें इसके अलावा राजलदेसर नेशनल हाईवे बस स्टैंड पर आए दिन हो रहे एक्सीडेंट केस को लेकर उन्होंने कहा अति शीघ्र उच्च अधिकारियों से मिलकर इस महत्वपूर्ण समस्या के बारे में अवगत करवाया जाएगा साथ ही हाईवे के अधिकारियों से भी वार्ता की जाएगी इस अवसर पर उन्होंने पुलिस थाना का पूरा अवलोकन किया अवलोकन के बाद उन्होंने कहा कि पुलिस थाना बहुत अच्छा है साथ ही साफ सफाई पुलिस के जवानों के कार्यशैली की प्रशंसा की एवं पुलिस के जवानों को वर्तमान में सोशल मीडिया के जमाने को देखते हुए अधिक से अधिक कंप्यूटर चलाने की बात कही। तथा किसी भी अपराधियों को नहीं बख्शा जाएगा । इस मौके पर रतनगढ़ पुलिस उपाधीक्षक इन्सार अली, थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

## जाट समाज 27 मार्च को लेगा नए भविष्य का संकल्प

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जाट समाज सेवा संस्थान, सीकर द्वारा होली स्नेहमिलन एवं वार्षिक आमसभा की बैठक 27 मार्च शुक्रवार को प्रधान जी का जाव, सीकर में दोपहर 1:15 बजे आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में राजस्थान जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष श्री राजाराम मील मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वे जाट आरक्षण सहित समाज से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर समाज के प्रबुद्ध वर्ग के साथ रचनात्मक एवं सार्थक संवाद करेंगे। इस संबंध में जाट समाज सेवा संस्थान के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक जाट समाज कार्यालय, सीकर में आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने तथा समाजहित के विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। संस्थान के अध्यक्ष रामचंद्र नेहरा ने बताया कि संस्थान का गठन समाज की ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु किया गया है। संस्थान के निदेशक रामचंद्र सुंडा के निर्देशन में वर्ष 2023 में जाट युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जो समाज के लिए संजीवनी के समान सिद्ध हुआ। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई एवं सामाजिक तड़क-भड़क के कारण रिश्ते करना एक बड़ी चुनौती बन गया है। अपेक्षित सहयोग के अभाव में वांछित परिणाम भले नहीं मिल पाए हों, लेकिन संस्थान ने प्रयास जारी रखे हैं। उन्होंने समाज से अपील की कि युवक.-युवती परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह जैसे आयोजन आज के समय में सर्वोत्तम विकल्प हैं। संस्थान के निदेशक रामचंद्र सुंडा ने कहा कि वर्तमान में जाट आरक्षण पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं, जिससे समाज के मेहनतकश एवं प्रतिभाशाली युवाओं का भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस गंभीर विषय पर समाज को जागरूक करने एवं ठोस दिशा प्रदान करने हेतु विशेष विचार.विमर्श किया जाएगा। बैठक में यह भी बताया गया कि संस्थान के अध्यक्ष रामचंद्र नेहरा द्वारा समाज एवं किसान वर्ग की निस्वार्थ सेवा की जा रही है। वे बैंक ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य समस्याओं के समाधान में सदैव तत्पर रहते हैं। जाट समाज विकास समिति के संरक्षक नरेन्द्र धायल ने कहा कि आज का युवा वर्ग भटकाव की स्थिति में है। समाज के परिवारों को आपसी मतभेद और टांग खींचने की प्रवृत्ति से दूर रहकर एकता और सहयोग की भावना को अपनाना चाहिए, तभी समाज का समग्र विकास संभव है। इस गरिमामयी अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, समाज के गणमान्य नागरिक, बुद्धिजीवी, युवा एवं आमजन से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

## परीक्षा परिणाम पर आतिशबाजी, छात्रों का हुआ सम्मान

हर्ष सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** इंदिरा नगर स्थित जवाहर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम इस वर्ष उत्कृष्ट रहा। शानदार परिणाम से उत्साहित विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय में जोरदार आतिशबाजी कर विद्यार्थियों की सफलता का जश्न मनाया गया।

विद्यालय के निदेशक राकेश झाझड़िया एवं रेनू झाझड़िया ने सफल छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर एवं माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यालय स्टाफ ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षकों ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में उनके निरंतर प्रयास और शिक्षकों के मार्गदर्शन की अहम भूमिका रही है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह बेहतर परिणाम देने के लिए विद्यालय लगातार प्रयासरत रहेगा। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों में भी खुशी का माहौल रहा और उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूरे विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और सभी ने मिलकर विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को यादगार बनाया।

## सहज राजयोग शिविर का शुभारंभ



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** दिवसीय सहज राजयोग ब्रह्माकुमारीज के द्वारा आध्यात्मिक जागृति लाने के लिये 7 शिविर का लुहारा गाड़ा सेवा केंद्र पर शुभारंभ हुआ है। बी के सुप्रिया बहन ने आत्मा का सत्य परिचय देते हुए आत्मा के सात गुणों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ज्ञान, पवित्रता, प्रेम, सुख, शान्ति, आनन्द, शक्ति इन गुणो की प्राप्ति हमें हमारी सत्य पहचान होने से ही मिल सकती है। उन्होंने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति ही हमारा परम ध्येय है। कार्यक्रम में शहर के भाई बहनों ने भाग लिया।

## उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने पर छात्रों का किया अभिनंदन



निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खाकी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का 10 वी बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुल 11 विद्यार्थियों में 4 छात्रा थी जिनमे से 3 छात्रा का गार्गी पुरस्कार में शामिल हुआ है। सभी छात्र प्रथम श्रेणी से पास हुए हैं। जिनमें से वंदना सैन पुत्री गोपाल चंद सैन 94.17: व आशीष पुत्र श्री इंद्राज 94.17: द्वितीय स्थान-विश्वेश्वर रामा पुत्र श्री बालाराम 81.17: राधिका नाई 75.67 एमोहनलाल पांडे 75.67, पूजा जाट 75.33, अनिरुद्ध पारीक 74.83 एरमेश कुमार 73.50, गोपालराम 70: विष्णु भार्गव 69.50 व वंदना सैन ने 68 प्रतिशत अंक हासिल करके विद्यालय का नाम रोशन किया। आज विद्यालय परिवार की ओर से छात्रों का अभिनंदन कार्यक्रम प्रधानाचार्य नगराज प्रजापत के सानिध्य में आयोजित किया गया।

उपस्थित छात्रों का माला पहनाकर व मुँह मीठा करवाकर बधाई व शुभकामनाएं दी। बच्चो ने उत्कृष्ट परिणाम का श्रेय गुरुजनों व माता पिता को दिया उन्होंने कहा कि विद्यालय का वातावरण व गुरुजनों की मेहनत के कारण ही हमे सफलता मिली है। 3 बालिकाओं का गार्गी पुरस्कार में शामिल है उनको सरकारी विद्यालय में आगामी अध्ययन जारी रखने पर दो वर्ष में 3000-3000 रुपये प्रति वर्ष के हिसाब से 6000 रुपये सरकारी गार्गी पुरस्कार राशि मिलेंगी प्रधानाचार्य नगराज प्रजापत के द्वारा समस्त उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व विधालय स्टाफ को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहने पर हृदय की गहराइयों से शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## मातारानी जगदम्बा भवानी का जगराता चला

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** अजीतगढ़ शहर के न्यू गोल्डन मार्केट, सिखवाल बगीची के सामने, मोदी मीनार पास अजीतगढ रात्रि को मातारानी जगदम्बा भवानी का दो मंजिला दरबार सजा जिसमें शिव-पार्वती, काली माता, राम दरबार एवं बजरंगबली हनुमान की झांकियां निकाली गई।

सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह रही कि सबने प्लास्टिक के बहिष्कार का संकल्प लिया। भारतीय नववर्ष समिति एवं न्यू गोल्डन मार्केट के संयुक्त तत्वाधान में भजन-संध्या का आयोजन किया गया जिसमें रात भर श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। कार्यक्रम के दौरान मातारानी जगदम्बा भवानी का दो मंजिला दरबार सजाया गया।

नवसंवत्सर के मौके पर हर वर्ष की भांति भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर पण्डित जुगल किशोर शर्मा ने विधि.विधान से पूजा-अर्चना करवाकर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। आयोजन समिति ने कलाकारों व अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत-अभिनन्दन-सम्मान किया। पनिहारी ग्रुप द्वारा शिव-पार्वती, काली माता, राम दरबार, हनुमान नृत्य की सजीव झांकियां निकाली गई। कार्यक्रम में गायक कलाकार महेंद्र अलबेला ने चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है। प्रस्तुत कर श्रोताओं को नाचने पर मजबूर कर दिया।

उन्होंने सैनिकों का हौंसला और मनोबल बढ़ाने के लिए संदेशे आते हैंए हमें तड़पाते हैं, प्रस्तुत किया। गायिका संजू शर्मा, महेंद्र खींची ने भी मातारानी की एक से बढ़कर एक भेंट प्रस्तुत की। इस दौरान मुख्य वक्ता आरएसएस प्रचारक श्याम सिंह ने कहा कि नवरात्र में दुर्गा पूजा का कार्यक्रम घर-घर चलो रहा है। उन्होंने कहा कि नारी ने अपनी श्रेष्ठता सदैव सिद्ध की है। उन्होंने महिलाओं से प्लास्टिक का बहिष्कार करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोहरपुर की सिमरन ने कहा कि हमेशा धार्मिक आस्था रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा से ही पुण्य की प्राप्ति होती है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को गौमाता की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर शिवरतन नरेड़ी, रामजीलाल लुणाका, सुनील दिखनी, प्रकाश कुमार, पवन हरितवाल, प्रकाश नौताका, काकू सिखवाल, राकेश नरेड़ी, प्रदीप दिखनी, सुवालाल बड़सीवाल,जी.एल.टेलर आदि मौजूद थे। मंच संचालन एंकर हमीर सिंह मंढ़ा ने किया।

## इंटरेक्टिव स्मार्ट बोर्ड का शुभारंभ

**राजलदेसर (नवयत्न)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत सिमसिया में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिमसिया पुरोहितान में बुधवार को मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भामाशाह प्रदीप कुमार सराफ जी द्वारा विद्यालय में दिए गए इंटरेक्टिव स्मार्ट बोर्ड का शुभारंभ सरपंच परमेश्वर लाल, पीईईओ मनोज कुमार प्रजापत, संस्था प्रधान सुरेंद्र कुमार एचरा, पूर्व एसएमसी अध्यक्ष द्वारा किया गया।

## 12 दिन पहले हुई चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, तीन दिन के रिमांड पर

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी टाउनशिप के आवासीय क्वार्टर में करीब 10-12 दिन पहले हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि रोजड़ा हाल खेतड़ी नगर निवासी नत्थूराम गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह केसीसी टाउनशिप के थर्ड सेक्टर स्थित डी-91 थर्ड बी क्वार्टर में परिवार सहित रहते हैं। 12 मार्च की शाम अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुसकर नकदी, जेवरात सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने संदिग्ध लोगों से पूछताछ शुरू की। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी का आरोपी जगदंबा मार्केट में एक होटल पर काम करता है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर नारनौल के पीर आगा मोहल्ला हाल खेतड़ी नगर निवासी राहुल सैनी को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कियाए जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी से गहनता से पूछताछ जारी है। टाउनशिप में हुई अन्य चोरियों के भी खुलने की संभावना है। साथ ही इस वारदात में और कौन-कौन शामिल है, इस संबंध में भी पुलिस जानकारी जुटा रही है।

## एस्कॉर्ट सर्विस और बॉडी मसाज के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन वज्र प्रहार 2.0 के तहत जयपुर पश्चिम की साइबर सेल और झोटवाड़ा थाना पुलिस ने एस्कॉर्ट सर्विस और बॉडी मसाज के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस पूछताछ करने में जुटी है। डीसीपी पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि जयपुर पश्चिम की साइबर सेल और झोटवाड़ा थाना पुलिस ने एस्कॉर्ट सर्विस और बॉडी मसाज के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के गजेंद्र यादव 23 निवासी फुलेरा जयपुर ग्रामीण और विकास रेबारी 20 निवासी किशनगढ़ रेनवाल जयपुर ग्रामीण जयपुर हाल झोटवाड़ा को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 02 मोबाइल फोन,10 सिम कार्ड,15 यूपीआई आईडी, 02 एटीएम कार्ड और एक बैंक पासबुक बरामद की है। डीसीपी ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एस्कॉर्ट सर्विस के आकर्षक और भ्रामक विज्ञापन डालते थे। विज्ञापन देखकर संपर्क करने वाले लोगों को आरोपी विभिन्न पैकेजों का लालच देते थे। इसके बाद रजिस्ट्रेशन फीस, एडवांस चार्ज, सर्विस और सिक्योरिटी चार्ज के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआई आईडी में पैसे ट्रांसफर करवा लिए जाते थे। जैसे ही पीड़ित पैसा जमा करता, आरोपी अपना मोबाइल नंबर बंद कर देते या पीड़ित को ब्लॉक कर देते थे। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है। यह कार्रवाई एडिशनल डीसीपी राजेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में की गई। टीम में झोटवाड़ा थानाधिकारी राजेंद्र सिंह, साइबर सेल प्रभारी अनिल कुमार और विशेष भूमिका निभाने वाले रोशन कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत, अनुसूचित समाज के अधिकारों से समझौता नहीं होगा : विहिप

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व हिन्दू परिषद विहिप ने सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय का स्वागत करते हुए इसे संविधान की मूल भावना, सामाजिक न्याय और विधि के शासन को मजबूत करने वाला बताया है। विहिप जयपुर महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मीणा ने कहा कि न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि धर्मांतरण के बाद कोई भी व्यक्ति अनुसूचित जाति की संवैधानिक श्रेणी में नहीं आता और उसे एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत संरक्षण नहीं मिल सकता। यह निर्णय संविधान अनुसूचित जाति आदेश, 1950 की भावना के अनुरूप है, जिसमें केवल हिन्दू, सिख और बौद्ध धर्म के अनुयायियों को ही अनुसूचित जाति की श्रेणी में माना गया है। विहिप जयपुर महानगर कोषाध्यक्ष अलोक बालाहेड़ी ने कहा कि यह फैसला उन प्रवृत्तियों पर रोक लगाएगा, जिनमें धर्मांतरण के बाद भी पूर्व जातिगत पहचान के आधार पर संवैधानिक लाभ लेने का प्रयास किया जाता है। डॉ. जैन के अनुसार, इस निर्णय से धर्मांतरण माफिया को करारा झटका लगा है। बालाहेड़ी ने कहा कि अनुसूचित जाति को दिए गए अधिकार ऐतिहासिक सामाजिक अन्याय को दूर करने के लिए हैं, जो विशेष रूप से हिन्दू समाज की संरचना में उत्पन्न हुए। ऐसे में, यदि कोई व्यक्ति स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन करता है, तो वह उस सामाजिक संदर्भ से स्वयं को अलग कर लेता है, जिसके आधार पर ये अधिकार प्रदान किए गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति पुन: हिन्दू, सिख या बौद्ध धर्म में लौटता है और समाज उसे स्वीकार करता है, तभी वह पुन: अनुसूचित जाति के अधिकारों का पात्र हो सकता है।

## कुख्यात गैंगस्टर ने बिजनेसमैन को दी जान से मारने की धमकी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बनी पार्क थाना क्षेत्र में कुख्यात गैंगस्टरों द्वारा एक बिजनेसमैन को जान से मारने की धमकी देने और रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर गैंगस्टर रोहित गोदारा, वीरेंद्र चारण और राहुल फतेहपुरिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कुचामन सिटी निवासी व्यापारी को पिछले डेढ़ महीने से मोबाइल फोन पर लगातार धमकी भरे कॉल आ रहे थे। करीब डेढ़ महीने पहले भी आरोपियों ने उसे कॉल कर जान से मारने की धमकी दी थी, जिसकी रिपोर्ट पीड़ित ने कुचामन सिटी थाने में दर्ज कराई थी। इसके बावजूद आरोपियों ने दोबारा कॉल कर रंगदारी मांगना शुरू कर दिया। 22 मार्च को आए थ्रेट कॉल में बदमाशों ने कहा कि पुलिस गार्ड भी आपको नहीं बचा पाएगी, हमने आपकी पूरी रेकी कर रखी है और मौका मिलते ही जान से मार देंगे। लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर पीड़ित ने सोमवार को बनीपार्क थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफकेस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# शाही लवाजमें के साथ निकलेगी परम्परागत विशाल शोभायात्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामनवमी पर 26 मार्च को रामलला के जन्मोत्सव पर शाम चार बजे सूरजपोल अनाज मंडी से गाजेबाजे और लवाजमे के साथ परम्परागत शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री रामकृष्ण जयंती महोत्सव समिति ट्रस्ट की शोभायात्रा को ब्रह्म पीठाधीश्वर खोजीजीद्वाराचार्य रामरिछपाल दास महाराज त्रिवेणी धाम के सान्निध्य में आरती-पूजन के साथ रवाना की जाएगी। शोभायात्रा को लेकर तैयारियों को बुधवार को अंतिम रूप दिया गया। शोभायात्रा शोभायात्रा में 35 आकर्षक झांकियां शामिल होंगी, जिनमें रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का सजीव मंचन होगा। गौरांग महाप्रभु संकीर्तन मंडल के लोग भजन-कीर्तन और हरिनाम संकीर्तन करते चलेंगे। पूरे मार्ग में भक्ति की अविरल धारा बहेगी। राजस्थानी लोक संस्कृति की झलक भी शोभायात्रा में देखने को मिलेगी। ढूंढाड़ी भाषा में लोकगीतों का गायन एवं पारंपरिक लोकनृत्य विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। शोभायात्रा में श्रीराम, भरत, लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न के स्वरूपों की सजीव झांकी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

शोभायात्रा में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की झांकियों में जे.के. लोन गणेश जी का रथ, हरि सिंह जी भौमियां जी की झांकी, श्याम सत्संग समिति द्वारा वीर हनुमान जी की झांकी, जीण माता मंदिर का रथ, वैष्णो देवी माता, नीली हवेली वाले हनुमानजी, मुरली मनोहरजी मंदिर, चिंताहरण हनुमान जी सहित अनेक झांकियां शामिल रहेंगी। इसके अलावा विद्युत चलित झांकियां भी रहेंगी। गणेश जी का तबला वादन, शिवजी की हथेली पर नृत्य करते गणेश जी, हनुमान जी द्वारा शिवजी की आरती, रामजी का पालने में झूलना, रास मंडल, संजोग बिहारी जी मंदिर, स्वरूप सरकार एवं रंगमहल की झांकियां दर्शकों को आकर्षित करेंगी।

### 30 सजीव और इलेक्ट्रॉनिक झांकियां शामिल होगी

श्री रामकृष्ण जयंती महोत्सव समिति ट्रस्ट के महामंत्री प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि शोभायात्रा में करीब 30 सजीव और इलेक्ट्रॉनिक झांकियां शामिल होंगी। जिनमें से हनुमान जी का कीर्तन, गणेश जी का तबला वादन, शिवजी की हथेली पर नृत्य करते गणेश और पालने में झूलते रामलला जैसी झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी। इसके अलावा गौरांग महाप्रभु संकीर्तन मंडल भक्ति गीतों के साथ शोभायात्रा में शामिल होगा। राजस्थानी लोक कला और ढूंढाड़ी भाषा में लोकगीतों की प्रस्तुति सांस्कृतिक रंग बिखेरेगी।

### मार्ग पर जगह-जगह स्वागत-आरती

सूरजपोल बाजार, रामगंज चौपड़, रामगंज बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, बापू बाजार, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार एवं छोटी चौपड़ होते हुए चांदपोल बाजार स्थित मंदिर श्री रामचन्द्र जी पहुंचेगी। यहां रात्रि लगभग 10 :30 बजे महाआरती के साथ शोभयात्रा का समापन होगा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए हैं जहां जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भगवान श्रीराम की आरती करेंगे। सूरजपोल मण्डी, हीदा की मोरी, रामगंज चौपड़, फूटा खुर्रा, लाड़ली जी मंदिर, बड़ी चौपड़ सर्राफा मंच, गोलछा टॉकीज, ताडकेश्वर मंदिर और श्री रामचन्द्र मंदिर के बाहर बड़े स्तर पर स्वागत होगा। शोभायात्रा में 5 हाथी, 8 ऊंट और 8 घोड़े सुसज्जित लवाजमे के साथ शामिल होंगे, वहीं जयपुर के प्रमुख बैण्ड अपनी मधुर स्वर लहरियों से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे।

## शारदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

निसं

लोसल (नवयत्न)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं परीक्षा परिणाम में शारदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम फहराया है। विद्यालय का अच्छा खासा परीक्षा परिणाम आने से विद्यालय एवं अभिभावकों में खुशी की लहर है। विद्यालय के निर्देशक बनवारी लाल कुमावत ने बताया कि कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के होनहार छात्र छात्राओं ने मेहनत के दम पर सफलता हासिल कर नाम रोशन किया है एवं अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।



इस खुशी के अवसर पर विद्यालय प्रांगन में प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सम्मान समारोह में राजस्थान की आन-बान-शान का प्रतीक प्रतिभाओं को साफा, पुष्पहार, मेडल पहनाकर प्रतीक चिह्न देकर निर्देशक बनवारी लाल कुमावत, प्रधानाचार्य महावीर सिंह शेखावत एवं उप निदेशक कृष्ण कुमार कुमावत द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के होनहार इंशात वर्मा पुत्र प्रेमशंकर 96.67, महेश कुमार पुत्र रामबाबू 94.86, अल्फिया बानो पुत्र अब्दुल वहीद नागोरी 91.96, चिराकूद्दीन मुगल पुत्र चांद मोहम्मद 90.67, अनुज दाधीच पुत्र विनय कुमार दाधीच 90.17 अंक प्राप्त कर प्रतिभा का लोहा मनवाया।

## शानदार परिणाम पर विद्यार्थियों का सम्मान

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर के स्थानीय विद्यालय सुभाष बोस उच्च माध्यमिक विद्यालय लाडनूं में कक्षा 10वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम सत्र 2025-26 घोषित होने पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रथम स्थान विशाल पुत्र राजेन्द्र प्रसाद, द्वितीय स्थान गणेश पुत्र गिरधारी लाल वहीं तृतीय स्थान कनिष्का पोटलिया पुत्री रमेश कुमार, चतुर्थ स्थान रमन स्वामी रहे। विद्यालय संरक्षक रामकुमार तिवाड़ी ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस दौरान शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा अन्य छात्रों को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य भंवरलाल मील ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शक्ति सिंह ने किया।



## बोर्ड परीक्षा में अव्वल बालिकाओं का किया अभिनन्दन

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय पीएमश्री राजकीय केसर देवी बालिका विद्यालय लाडनूं में बोर्ड परीक्षा में अव्वल रही बालिकाओं का अभिनन्दन कार्यक्रम संस्था प्रधान विजय सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं शिक्षक शिव शंकर बोहरा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्रभारी शंकर लाल, शशि शर्मा ने बताया कि इस बार बोर्ड परीक्षा में 97 बालिकाए प्रवीष्ट हुई जिसमें से 31 बालिका प्रथम श्रेणी और 34 बालिका द्वितीय श्रेणी रही। गार्गी पुरस्कार प्राप्त बालिकाओं का माला, साफा बंधन कर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर आयोजित मेगा पीटीएम में अभिभावकों के समक्ष बालिकाओं को प्रगति पत्र वितरित कर उनकी प्रगति से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता आरती पटेल, योगेंद्र सिंह, ज्योति कंवर, राजकुमार स्वामी, पूनम चौधरी,




परमेश्वरी, दयाराम, आकिब जावेद, प्रेमलता, सरोज बाला, पूनम वर्मा, संतोष स्वामी, रीना शर्मा, ज्योति कंवर, रामगोपाल, गजानंद शर्मा, नीलेश पारीक सहित एसडीएमसी सदस्य जलालुद्दीन सोलंकी, इशाक मोहम्मद छींपा, अब्दुल जबार, सुमित्रा आर्य उपस्थित रहे। अभिभावक मोहम्मद सलीम, मोती खां और सुनील कुमार जांगिड़ ने विचार प्रस्तुत किये।

## सप्त दिवसीय हनुमत् जन्मोत्सव पर निकलेगी कलश यात्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर के पटेल मार्ग के सामने न्यू सांगानेर रोड पर प्रजापति विहार स्थित श्री चिन्ताहरण काले हनुमान जी मंदिर में 27 मार्च से 2 अप्रैल तक सप्त दिवसीय हनुमत् जन्मोत्सव का आयोजन महामंडलेश्वर मनोहर दास महाराज के सानिध्य में किया जाएगा। महोत्सव के पोस्टर का विमोचन निज मंदिर में किया गया । महोत्सव का शुभारंभ 27 मार्च को शाम 4 बजे विजय पथ चौराहा स्थित खाटू श्याम जी मंदिर से गाजेबाजे के साथ निकलने वाली कलश यात्रा से होगा। शोभा यात्रा को विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री राजारामजी ध्वज दिखाकर रवाना करेंगे इस मौके पर देश-विदेश से जगतगुरु संत महंत शोभायात्रा में शिरकत करेंगे कलश यात्रा में 521 महिलाएं सिर पर कलश लेकर चलेंगी। महामंडलेश्वर मनोहरदास जी महाराज के मार्गदर्शन में आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। खोजीजीद्वाराचार्य स्वामी रामरिछपाल देवाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में होने वाले महोत्सव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा भी शामिल होंगे। मुख्य यजमान चंद्र प्रकाश भाड़ेवाला होंगे।

### बहेगी हवन-कथा-भजन संध्या की त्रिवेणी

मंदिर के प्रवक्ता प्रियाशरण महाराज ने बताया कि आयोजनु के तहत 27 मार्च से 2 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रात: 8 से 12 बजे तक एकादश कुंडात्मक हनुमत् महायज्ञ में वेद मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां प्रदान की जाएंगी। यज्ञ के आचार्य पं. अश्विनी चतुर्वेदी होंगे। 28 मार्च से 1 अप्रैल तक दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक हनुमत् कथा होगी। व्यास पीठ से वृंदावन के पं. केशवदेव महाराज भक्तमाली जी कथा श्रवण कराएंगे। शाम 6 से 9 बजे तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 27 मार्च से 2 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 12 से 2 बजे तक प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### भजन संध्या में विभिन्न मंडल देंगे हाजिरी

भजन संध्या में 29 मार्च को श्री महेश मित्र मंडल, 30 मार्च को म्हारे घरां पधारो श्याम संस्था, 31 मार्च को श्री बजरंग सत्संग मंडल तथा 1 अप्रैल को श्री प्रेम भाया मंडल की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। श्री हनुमत् जन्मोत्सव यज्ञ सेवा समिति के शिव मोहन गोयल, डिम्पल माहेश्वरी, अरुण चतुर्वेदी, विकास शर्मा सहित अन्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं।

## महात्मा गांधी राजकीय स्कूल जाखल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा



**बुगाला ( नवयत्न )।** क्षेत्र के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जाखल अंग्रेजी माध्यम का इस वर्ष कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य राजपाल गोदारा ने बताया कि अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कीए वहीं छात्रा अंशु कंवर ने 95.17 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में अव्वल रही। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकों में खुशी का माहौल है। गोदारा ने बताया कि शिक्षकों के मार्गदर्शन, विद्यार्थियों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## चैतन्य महाप्रभु का जन्म महा महोत्सव मनाया

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्रीमाध्व गौड़ेश्वर मंडल के तत्वावधान में मनाए जा रहे चैतन्य महाप्रभु के 540वें जन्म महा महोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को त्रिपोलिया बाजार स्थित विनोदीलाल मंदिर में हरिनाम संकीर्तन हुआ। ठाकुरजी और गौरांग महाप्रभु के चित्र के समक्ष श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से संकीर्तन किया। रामनवमी पर मेहता मार्ग स्थित अग्रवाल भवन में मध्यान्ह 2 बजे से विशेष कार्यक्रम होगा। 27 मार्च को गोल मार्केट क्षेत्र, 28 मार्च को उत्तरप्रदेश के गोवर्धन में गिर्राज जी की तलहटी में परिक्रमा, 29 मार्च को जनता कॉलोनी, 30 मार्च को चांदपोल बाजार स्थित नृसिंह मंदिर तथा 31 मार्च को कल्याण जी मंदिर में संकीर्तन आयोजित होगा।

## राम ने अवतार लेकर समाज में संबंधों को चरितार्थ किया : तिवाड़ी

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** भगवान ने श्रीराम के रूप में अवतार लेकर समाज में सभी संबंधों को स्वयं चरितार्थ करके दिखाया है। समाज में व्यक्ति के कर्तव्य, सामाजिक रिश्तों को निभाने के बारे में श्रीराम ने स्वयं अपने माध्यम से बताया है। उक्त विवेचन शहर के रेलवे स्टेशन स्थित दुर्गा मंदिर में मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के छठे दिन राम सुग्रीव मित्रता के प्रसंग पर बोलते हुये कथा व्यास वाणीभूषण प्रभुशरण तिवाड़ी ने कहे। तिवाड़ी ने कहा कि मनुष्य का जीवन दायित्व निर्वहन के लिए है। मनुष्य को सदैव सदभावना पूर्वक सबकी सेवा करनी चाहिए। कथा में रामेश्वरम की स्थापना लंका दहन सहित कई प्रसंग सुनाये गए। इस दौरान सुरेश शेखावत द्वारा श्रीराम-लखन की सुंदर सजीव झांकी सजाई गई। वही मधुर



संगीत ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान श्रीराम सोनी, बबलू दिल्ली, सांवरमल, प्रभुदयाल, समंदर सिंह, विनोद कुमार, रामू सोनी, बाबूलाल सोनी, सुलोचना देवी, विश्वनाथ चांगिल, बालकिशन शर्मा, मुकेश सोनी, अनिल शर्मा, महेश शर्मा आजाद, लखन लाल शर्मा, मुकेश, गोविंद कुमार, बाबूलाल, श्याम सोनी, रामनिवास जांगिड़ सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड सीकर**

2/3, हाउसिंग बोर्ड, फोन नं. 01572-270329
बस डिपो के पीछे, सीकर E-mail-eerhsdpsikar@gmail.com, ee-mh-sikar@gov.in

क्रमांक:प. 01 ( )/चि.स्वा./खण्ड-सीकर/2025-26/1257 दिनांक: 13.03.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या :- 36/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड सीकर के अन्तर्गत जिला सीकर एवं जिला झुंझुनू में विभिन्न विधुत कार्यो हेतु राशि रु 13.07 लाख से राशि रु. 17.00 लाख तक के कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेबसाईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है। कार्य के UBN No निम्नलिखित है:-

| क्र.सं | UBN No |
|---|---|
| 1 | NRH2526WSOB02800 |
| 2 | NRH2526WSOB02801 |
| 3 | NRH2526WSOB02802 |

अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग,
खण्ड सीकर

DIPR/C/5847/2026

# भगवान श्रीराम का वेदोक्त मंचोच्चार के साथ होगा पंचामृत अभिषेक

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव गुरुवार को श्रीराम नवमी के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। सुबह वेदोक्त मंत्रोच्चार के साथ भगवान राम के बालरूप का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। दिनभर बधाईगान-उछाल और नृत्य की त्रिवेणी के मध्य राम जन्मोत्सव का आनंद मनाया जाएगा।

### छोटीकाशी के सभी राम मंदिरों में

बड़े उत्साह और उमंग के साथ राम नवमी का पर्व मनाया जाएगा। बुधवार को आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान राम का जन्म मध्याह्न काल में हुआ था, इसलिए इसी समय पूजा करना सबसे फलदायी माना जाता है। नवरात्रि का कन्या पूजन भी इसी दौरान किया जा सकता है। नवमी तिथि 26 मार्च को दोपहर को 11:48 बजे शुरू होगी। जो 27 मार्च को सुबह 10:06 बजे समाप्त होगी। राम जन्म पूजा मध्या का सबसे शुभ समय 26 मार्च को सुबह 11:13 से दोपहर 01:41 बजे तक रहेगा, जिसमें दोपहर 12:27 बजे का समय सर्वोत्तम है।

### श्रीराम चंद्रजी मंदिर-चांदपोल

चांदपोल बाजार के मंदिर श्रीरामचन्द्रजी में महंत नरेंद्र तिवाड़ी के सान्निध्य में राम जन्मोत्सव का आयोजन होगा। रामनवमी की पूर्व संध्या पर बुधवार को चांदपोल बाजार स्थित श्री रामचन्द्र जी में मंदिर में प्रभु श्रीराम का भव्य राजसी दरबार सजाया गया। भक्तों को अलौकिक श्रृंगार के दर्शन हुए। भगवान श्रीराम को स्वर्ण आभूषण और रजत आभूषण से अलंकृत किया गया। स्वर्ण मुकुट, कंठहार, कुंडल, बाजूबंद सहित अन्य राजसी आभूषणों से प्रभु की छटा देखते ही बन रही थी। रजत से निर्मित सिंहासन, छत्र, चरण पादुका दरबार की शोभा बढ़ा रही थी। प्रभु केराजसी दरबार ने श्रद्धालुओं को अयोध्या के राजदरबार की अनुभूति कराई। सम्पूर्ण मंदिर परिसर दिव्य प्रकाश से आलोकित हो उठा। इस मौके पर मंदिर परिसर को फूलोंए बंदनवारए रंगोली और रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया।

### बधाइयों पर जमकर नाचे श्रद्धालु

शाम को बधाई उत्सव मनाया गया। मंडल के सदस्यों ने ढूंढाड़ी भाषा में भजनों की मधुर स्वर लहरियां बिखेरी। भजनों की तान पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर नाचने लगे। श्रद्धालुओं ने भी प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव की मंगल बधाइयां गाईं।

### मुख्यमंत्री उतारेंगे रामलला की आरती

रामनवमी को दिनभर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। शाम को महाआरती में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा राम दरबार की आरती उतारेंगे। सुबह मंगला से विशेष पूजा-अर्चना होगी। ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक कर इत्र, गुलाब, केशर, केवड़ा से अभिषेक किया जाएगा। विशेष श्रृंगार कर राम दरबार को रत्न जड़ित जरदोजी पोशाक पोशाक धारण करवाई जाएगी। भगवान श्रीराम के साथ पूरे राम दरबार को हीरे, मोती, पन्ना, माणक, नीलम, सोना-चांदी के विशेष रजवाड़ी आभूषण धारण कराए जाएंगे। दोपहर में आरती के बाद पंजीरी और पंचामृत वितरण किया जाएगा। इस मौके पर 51 किलो मावे का केक भी काटा जाएगा।

### सियाराम मंदिर-खोले के हनुमानजी

श्री खोले के हनुमान मंदिर में रामनवमी पर्व पर सुबह राम जन्मोत्सव का उल्लास नजर आएगा। सुबह श्रीरामजी का विभिन्न तीर्थों से लाए गए जल से स्नान कराकर 108 औषधियों और पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद रोडशोपचार पूजन किया जाएगा। इसके बाद फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी। दोपहर में सियारामजी की महाआरती होगी।

### सीताराम मंदिर-छोटी चौपड़

छोटी चौपड़ स्थित मंदिर श्री सीताराम जी में 26 मार्च को महंत नंद किशोर शर्मा के सान्निध्य में राम जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सुबह पंडित 51 किलो दूध-दही के पंचामृत से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक करेंगे। ठाकुरजी को नई पोशाक धारण कराएंगे। महंत नंदकिशोर शर्मा आभूषण पहनाकर पालने में विराजमान कर पुष्पों से श्रृंगार करेंगे। मंदिर को आकर्षक सजावट से सजाया जाएगा। भक्त बधाई पद प्रस्तुत करेंगे। दोपहर 1 बजे 21 तोपों की सलामी के साथ जन्म महाआरती होगी। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप फल, दुपट्टे और मिठाई वितरित की जाएगी।

# मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की घर-घर हुई पूजा-अर्चना

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** चैत्र के वासंतिक नवरात्र के सातवें दिन बुधवार को मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा की गई। मां कालरात्रि को सभी नकारात्मक शक्तियों का विनाश करने वाली और शत्रुओं का नाश करने वाली देवी माना जाता है। यह रूप अत्यंत उग्र होने के साथ-साथ भक्तों के लिए अत्यंत शुभ फलदायी है। गुरुवार को अष्टमी और नवमी तिथि एक ही दिन होने के कारण कन्याओं को भोजन कराकर उपहार दिए जाएंगे। कई लोग 27 मार्च को कन्या पूजन करेंगे। आमेर रोड कनक घाटी स्थित मनसा माता मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में मृगशिरा नक्षत्र में मनसा माता का पूजन किया गया। नव पत्रिका प्रवेश कर नव पत्रिका स्थापना की गई। मातारानी को विविध फलए भंग और छत्र अर्पित किया गया। गुरुवार को अष्टमी तिथि पर सुबह साढ़े आठ से दोपहर बारह बजे तक आर्द्रा नक्षत्र में संधि पूजन किया जाएगा। मातारानी को 108 नील कमल अर्पित किए जाएंगे।

### देवी मंदिरों में गूंजे जयकारे

देवी मंदिरों में शहर के प्रमुख मंदिर जय माता दी के जयकारों से गुंजायमान रहे। सुख-समृद्धि, संतति और मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना लेकर भक्तजन पूरे श्रद्धाभाव से मां भगवती की उपासना में लीन रहे। मंदिरों में विधि-विधान के साथ कलश पूजन, दुर्गा सप्तशती का पाठ, हवन-यज्ञ तथा विशेष अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने मां को फल, पुष्प, नारियल, चुनरी एवं मिष्ठान अर्पित कर अपनी आस्था व्यक्त की। साथ ही भजन-कीर्तन एवं जागरण के माध्यम से माता की महिमा का गुणगान किया गया।

### शिला माता मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

आमेर स्थित प्रसिद्ध शिला देवी मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त माता रानी के दर्शन करने पहुंचे। यहां मां का आभूषणों एवं मनमोहक पुष्पों से श्रृंगार किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाआरती उतारी गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में दिनभर दर्शन-पूजन का क्रम निरंतर जारी रहा। घाटगेट श्मशान स्थित काली माता मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। यहां स्कंदमाता के स्वरूप का विशेष श्रृंगार कर किया गया। गया। गलता पीठ के मंदिरों में सुबह से ही घंटा-घडियाल की ध्वनि और मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। दुर्गापुरा स्थित दुर्गा माता मंदिर में भी पंचम नवरात्रि के अवसर पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया। वहीं खोले के हनुमान जी मंदिर में राम चरित मानस की चौपाइयों का पाठ किया गया।

# बिरला कॉर्पोरेशन की सहायक कंपनी ने कुन्दनगंज इकाई में तीसरी लाइन शुरू कीए उत्पादन क्षमता 21.4 एमटी तक बढ़ी

निसं

**कोलकाता (नवयत्न)।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण रूप से स्वामित्व वाली सहायक कंपनी आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड ने सोमवार को अपनी कुंदनगंज इकाई में उत्पादन की तीसरी लाइन शुरू की। जिससे उत्पादन क्षमता 1.4 मिलियन टन एमटी बढ़ गई। इस विस्तार के बाद बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की समेकित उत्पादन क्षमता 21.4 एमटी हो गई है और कंपनी द्वारा पहले घोषित अनुसार इसे 2028-29 तक 27.6 एमटी तक बढ़ाया जाएगा। कुन्दनगंज विस्तार की अनुमानित लागत लगभग 300 करोड़ रुपए है। ग्राइंडिंग क्षमता में 1.4 एमटी की वृद्धि से लगभग 1,00,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। साथ ही उत्तर




प्रदेश के मध्य और पूर्वी क्षेत्रों में कंपनी की मुख्य बाजारों में प्रतिस्पर्धात्मकता मजबूत होगी। अतिरिक्त क्लिंकर कंपनी के सतना, चंदेरिया और मुकुटबन स्थित एकीकृत इकाइयों से प्राप्त किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार की संतुलित आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाली नीतियों के अनुरूप, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड राज्य में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसमें नौकरियां सृजन और व्यावसायिक अवसरों पर ध्यान केंद्रित है। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण पीएमएवाई-जीद्ध और अन्य समान योजनाओं के माध्यम से आवास को बढ़ावा देने के केंद्रीय सरकार के अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देने की दिशा में भी देख रही है। कुन्दनगंज में कंपनी ने पोर्टलैंड पॉजोलाना सीमेंट पीपीसी उत्पादन के लिए फ्लाई ऐश के अधिकतम उपयोग को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी में निवेश किया है। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने मिश्रित सीमेंट या पीपीसी की बिक्री में निरंतर वृद्धि को बढ़ावा दिया है। क्षमता विस्तार परियोजना के तहत कारखाने की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता और परिधीय अवसंरचना, जैसे सड़क और रेल कनेक्टिविटी, को भी विस्तार का समर्थन करने के लिए बढ़ाया जा रहा है। कंपनी कारखाने में 5-मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर रही है। जिसे अगले वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में चालू करने की उम्मीद है। चालू होने पर कुन्दनगंज इकाई की कुल बिजली खपत में नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा 30 प्रतिशत से थोड़ा अधिक से बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत हो जाएगा। कुन्दनगंज में पूंजीगत व्यय के लिए कंपनी को 12 वर्षों के लिए वस्तु एवं सेवा कर से जुड़ी निवेश प्रोत्साहन सुविधाएं प्राप्त होंगी। पहले बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपनी सहायक कंपनी आरसीसीपीएल के साथ घोषणा की थी कि वह कुन्दनगंज के साथ-साथ मैहर इकाई की उत्पादन क्षमता बढ़ाएगी। साथ ही लीड डिस्टेंस कम करने और उच्च-विकास वाले बाजारों में नेतृत्व मजबूत करने के लिए तीन नई ग्राइंडिंग इकाइयां स्थापित करेगी।

# परीक्षा परिणाम घोषित एवं मेगा पीटीएम पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, तारानगर में परीक्षा परिणाम घोषणा एवं मेगा पीटीएम के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार जांगिड़ ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता राकेश जांगिड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष, जांगिड़ ब्राह्मण महासभा थे व अध्यक्षता सीबीईओ तारानगर बबलेश शर्मा ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जीवन सिंह राठौड़, रूपाराम जांगिड़, किशन सिंह राठौड़ एवं सुलोचना वर्मा थे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा परिणाम की घोषणा की गई तथा मेधावी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. जांगिड़ ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 10वीं, 8वीं एवं 5वीं का परीक्षा परिणाम 100: रहा। विशेष रूप से कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में छात्रा भावना पुत्री विक्रम सिंह शेखावत ने 95.17: अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया। अध्यापिका पूनम द्वारा विद्यार्थियों हेतु कृष्ण भोग का आयोजन किया गया। परिणाम प्राप्ति के पश्चात विद्यार्थियों ने सेल्फी पॉइंट पर अभिभावकों के



साथ स्मरणीय क्षणों को कैमरे में कैद किया। इसी क्रम में एसडीएमसी एवं एसएमसी बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यालय से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक एवं रचनात्मक विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के शिवकुमार सहारण, सुशील शर्मा, नरेश सैनी, यूनुस खान, मनोज प्रजापत, कृष्ण मुरारी, सरोज धायल, कपिल कसवां, नीलम बेनीवाल, कंचन जांगिड़, प्रदीप स्वामी, वीणा पूनिया, शुभकरण ज्याणी, पूनम, अजय सिंह, सुनीता बेनीवाल, संतोष, सुनीता बराला, सतवीर, कविता एवं रणजीत सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन सुशील शर्मा एवं पूनम द्वारा किया गया। इसी प्रकार तारानगर तहसील के ग्राम बुचावास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को स्थानीय परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। संस्था प्रधान अंजू बाला सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 1 से 4, 6वीं, 7वीं तथा 9वीं व 11वीं कक्षाओं का स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम साझा किए गए तथा उनकी शैक्षणिक प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जयनारायण सहारण, मोहनलाल शर्मा, ओमप्रकाश भामू, किशोर कुमार निर्बाण, शकुंतला अनीता शेखू, मंजू मेघवाल, रामेती भाकर, उषा स्वामी, सुशीला सिहाग, मनोज कुमारी, स्मिता शर्मा, उपेंद्र कुमार, आशीष शर्मा, जतिन कुमार वर्मा, मोहर सिंह सहित विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 50 मरीजों का लैंस प्रत्यारोपण के लिए




निसं

**रतनगढ (नवयत्न)।** रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति जयपुर व अभिभाषक संघ के सहयोग से 37वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन आज बुधवार को माहेश्वरी भवन के प्रांगण में हुआ। ट्रस्टी व शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया कि शिविर में 110 मरीजो की मोतियाबिंद जांच कर 50 मरीजों का नेत्र लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयन किया गया व शेष मरीजो को नि:शुल्क दवाई दी गई। चयनित रोगियों को ऑपरेशन के लिए जयपुर ले जाया गया। वहां उनका ऑपरेशन गुरुवार को आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का किया जाएगा। मानव सेवा के इस अनूठे अभियान का शुभारंभ भगवान शंकर की प्रतिमा के आगे सुरेन्द्र कौशिक अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अरुण जागिड़ अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व डॉ. प्रिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर शुभारंभ पर राकेश जाजू व एडवोकेट रजनीकांत सोनी ने अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर माहेश्वरी सभा ट्रस्ट के नरेश पेड़ीवाल, महेश जाजू, मांगीलाल स्वामी, एडवोकेट कमल सोनी, नन्दकिशोर माटोलिया, पूर्णमल कम्मा, मुरलीधर मण्डगिरा, प्रमोद चमड़िया, अशोक बियाला, ओमप्रकाश मंगलहारा, महावीर रामगढ़िया, महेंद्र पारीक, ओमप्रकाश सारस्वत, एडवोकेट्स सांवर मल चमड़िया, जगदीश प्रसाद सांखोलियाएगौतम नाथोलिया, रामोतार ठठेरा, निर्मल, टेकचंद कटारिया, संजय कटारिया, लोकेन्द्रपाल सिंह, मुरली सोनी, सुरेंद्र जयसवाल, महावीरसिंह, रोहिताश सिंह, अपर लोक अभियोजक जयकांत बिवाल, शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम अनेक गणमान्य व्यक्ति व सैकड़ों मरीज उपस्थित थे।

# गोशाला की बैठक में तुड़ा संग्रहण को लेकर बनी रणनीति



निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** क्षेत्र की पं गणेश नारायण नेत भोमिया सुरभि गोशाला को लेकर अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया के निवास स्थान पर महत्वपूर्ण बैठक हुई इस दौरान गोशाला में गायों के लिए तुड़ा चारे के संग्रहण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विजयपाल सिंह शेखावत व उपस्थित सदस्यों ने आगामी समय में गोवंश के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि गांव-ढाणी स्तर पर जनसहयोग से तुड़ा संग्रहण अभियान चलाया जाएगा, ताकि गोशाला में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहे। सदस्यों ने कहा कि गर्मी के मौसम में चारे की कमी की आशंका को देखते हुए अभी से ठोस योजना बनाना जरूरी है। पदाधिकारियों ने आमजन से अधिक से अधिक सहयोग की अपील करते हुए कहा कि गौसेवा में हर व्यक्ति की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

इसके लिए जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को तुड़ा दान के लिए प्रेरित किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि संग्रहण व्यवस्था को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाया जाएगा, जिससे गोशाला में आने वाले चारे का सही उपयोग हो सके। अंत में सभी सदस्यों ने गौसेवा के इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक तुड़ा संग्रहण करने की प्रतिबद्धता जताई।

# 65 वर्षीय व्यक्ति झूला घर पर फंदे पर

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ तहसील के कस्बा पड़िहारा के मानसिक रूप से बीमार 65 वर्षीय व्यक्ति ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर आज बुधवार को आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां पर मृतक के बेटे की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि पड़िहारा निवासी 35 वर्षीय सुल्तान जाट में रिपोर्ट दी कि उसके पिता ने बुधवार की सुबह घर के पीछे बने कच्चे मकान में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सीआई गौरव खिड़िया कर रहे हैं।

# संयुक्त निदेशक अनसूईया सिंह ने विद्यालयों का किया निरीक्षण



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में आयोजित मेगा पी टी एम का निरीक्षण कर अनसूईया सिंह द्वारा संबलन प्रदान किया गया सिंह ने सर्वप्रथम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय देराजसर का निरीक्षण कर संस्था प्रधान को आगामी सत्र में नामांकन बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लूंछ में प्रधानाचार्य शिवकुमार शर्मा द्वारा सिंह का अभिनंदन स्वागत किया गया एवं सिंह ने विद्यालय गतिविधियों के संचालन पर संतोष प्रकट किया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांगासर के प्रधानाचार्य नगेंद्र शर्मा ने 27 मार्च से आयोजित प्रवेश उत्सव प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संपूर्ण पंचायत परिक्षेत्र के शिक्षकों को डोर टू डोर सर्वे हेतु वार्ड आवंटित कर दिए गए हैं सभी शिक्षकों में से एक चौथाई शिक्षकों द्वारा 27 मार्च को डोर टू डोर सर्वे किया जाएगा इसी प्रकार 25.25 प्रतिशत शिक्षकों द्वारा 6 अप्रैल 10 अप्रैल व 15 अप्रैल को सर्वे किया जाएगा। सिंह ने विद्यालय की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोतडी में सम्बलन के दौरान सिंह ने नामांकन वृद्धि के लिए निर्देशित किया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लोहा कि प्रधानाचार्या शीला सोनी ने सिंह का अभिनंदन किया सम्बलन के दौरान भौतिक संसाधनों केउचित रखरखाव के लिए के उचित रखराव के लिए निर्देशित किया सम्बलन कार्यक्रम के दौरान सीबीईओ संदीप व्यास भी साथ में उपस्थित रहे।

# मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर में मंजुला सराफ आदर्श विद्या मन्दिर, परिसर में कक्षा पंचमी एवं अष्टमी के । ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला सचिव मान त्रिविक्रम अपूर्वा, ओम प्रकाश पारीक, ख्यालीराम रेगर, धनराज सेन, बिरदीचंद प्रजापत ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया । प्रधानाचार्य श्री कृष्ण स्वामी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा परिणाम विद्यालय का श्रेष्ठ रहने पर सभी



भैया बहिनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वर्ष भर भैया बहिनों के कठिन परिश्रम, लगन के साथ समस्त स्टाफएवं अभिभावकों के सहयोग के द्वारा विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम दिया इन्होंने केवल विद्यालय का गौरव ही नहीं बढ़ाया बल्कि संपूर्ण राजलदेसर का भी नाम रोशन किया है। इसके लिए कक्षा पंचमी में सभी ए ग्रेड वाले 19 विद्यार्थी तथा कक्षा अष्टमी के ए ग्रेड वाले 18 विद्यार्थियों का माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई बताया कि बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ विद्यालय परिवार ने सम्मान किया। इस अवसर पर जिला सचिव त्रिविक्रम अपूर्वा ने विद्यार्थियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर नगर के गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक, विद्यालय स्टाफ द्रोपती देवी, मीनाक्षी मारू, अनीता शर्मा, गुंजन पारीक, शिल्पा मारू, रामचंद्र सुथार, सुश्री सुषमा सैनी, काशीराम स्वामी, ममता स्वामी, तारा दर्जी, रामनारायण मारू, अजय रावत, बजरंग सिंह भाटी, पुरुषोत्तम जी सेन व काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अध्यक्ष महोदय ने सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं की गईं। संचालन ममता स्वामी ने किया।

## श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ जिला झुंझुनू के कार्यकर्ता पदाधिकारीयों द्वारा बुधवार को महान क्रांतिकारी एवं निर्भिक पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी के बलिदान दिवस पर विद्युत श्रमिक संघ कार्यालय पर



एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई । इस अवसर पर सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री राम गोपाल शर्मा ने विद्यार्थी जी के जीवन पर प्रकाश डाला । डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी ने अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी जी ने अपने जीवन का बलिदान सांप्रदायिक सौहार्द एवं सामाजिक समरसता कायम करने में दे दिया जिसे भारतीय मजदूर संघ सामाजिक समरसता एवं उनके बलिदान दिवस के रूप में याद करता है । विद्युत श्रमिक संघ जिला महामंत्री व संयुक्त सुरक्षा परिषद सदस्य सुरेश कुमार शर्मा ने गणेश शंकर विद्यार्थी के बलिदान को सामाजिक सौहार्द हेतु संकल्प लेने का दिन बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मूलचंद महला ने की ।

# मदरसे के बच्चे भी पढ़ रहे हैं विवेकानंद की पुस्तकें

## प्रदेशभर में मुस्लिम युवा ने बाटे 80 हजार विवेकानंद कैलेंडर

सुरेन्द्र शर्मा





**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मदरसा अल नूरुल इस्लाम बाकरा रोड सहित जिले कई मदरसों में 254 छात्र-छात्राओं व अध्यापकों को स्वामी विवेकानंद पर आधारित पुस्तकें और नये वर्ष 2026 के विवेकानंद कैलेंडर नि:शुल्क वितरित किए गए। इस अवसर पर मदरसा के प्रधानाचार्य इकरार अहमद खान व समस्त स्टाफ और भीमसर निवासी डॉ जुल्फिकार ने छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद और खेतड़ी राजा अजीत सिंह के ऐतिहासिक संबंधों की जानकारी देते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद अपने जीवनकाल में तीन बार खेतड़ी आए थे। उनका नाम, पोशाक, पगड़ी शिकागो विश्वधर्म सम्मेलन सहित उनके जीवन की दर्जनों घटनाएं है जो खेतड़ी से जुड़ी हुई है। खेतड़ी में देश का पांचवां और राजस्थान का पहला अजीत विवेक संग्रहालय स्थापित है जिसमें स्वामी विवेकानंद और राजा अजीत सिंह के 109 दिन की विशिष्ट घटनाओं को दर्शाया गया है।

### 80 हजार विवेकानंद कैलेंडर कर चुके वितरित

डॉ जुल्फिकार ने बताया कि वे पिछले सात वर्षों से स्वामी विवेकानंद पर स्वयं की लिखित पुस्तकें और स्वामी विवेकानंद के प्रेरक संदेशों वाले कैलेंडर नि:शुल्क वितरित कर रहे हैं। अब तक 80 हजार कैलेंडर दिल्ली सहित राजस्थान के अलवर, जयपुर, बीकानेर, सीकर, चूरू, हनुमानगढ़, झुंझुनू आदि जिलों के राजकीय, गैर राजकीय विद्यालयों, मदरसों, वेद विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में वितरित किए जा चुके हैं। भीमसर, नूआं, सिरियासर, आबूसर, अणगासर, अलसीसर, मलसीसर, टमकोर समेत लगभग 35 गांवों में वे पहुंचकर युवाओं से संवाद करते हैं। उनके हाथ में किताबें होती है और जुबान पर केवल प्रेरणा। वे बताते हैं कि विवेकानंद ने शक्ति सेवा और आत्मविश्वास की जो त्रिवेणी दी, वह हर धर्म के लिए समान है। इसी भाव के साथ उन्होंने कैलेंडर वितरण शुरू किया ताकि रोज सुबह लोग विवेकानंद का चेहरा देखें और एक विचार पढ़ें। उनका लक्ष्य एक लाख युवाओं तक स्वामी विवेकानंद के विचार को पहुंचाना है। विवेकानंद कैलेंडर 2026 सभी धर्मों के प्रति सम्मान आदर, प्रेम और सहिष्णुता का संदेश देता है तथा एकता और भाईचारे को बढ़ावा देता है।

### विवेकानंद पर लिखी प्रमुख पुस्तकें

रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन। स्वामी विवेकानंद चिन्तन एवं रामकृष्ण मिशन खेतड़ी। राजस्थान में स्वामी विवेकानंद। रामकृष्ण मिशन बांग्लादेश ढाका का अध्ययन। स्वामी विवेकानंद की कुछ प्रेरक घटनाएं। इन पुस्तकों के माध्यम से उनका प्रयास है कि विवेकानंद की शिक्षाएं हर धर्म और वर्ग के युवाओं को जोड़ सकें। डॉ जुल्फिकार यह साबित कर रहे हैं कि महापुरुषों के विचार किसी एक धर्म की सीमा में नहीं बंधते। उनका अभियान सामाजिक समरसता का अनूठा उदाहरण बन गया है, जिसमें एक मुस्लिम युवा विवेकानंद को अपना आदर्श मानकर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभाव को मजबूत कर रहा है।

### शोध और लेखन में भी सक्रिय

डॉ जुल्फिकार ने न केवल स्वामी विवेकानंद पर पीएचडी की बल्कि उनके जीवन और विचारों पर पांच पुस्तकें लिखी है। वे वर्ष 2005 से 2009 के बीच किए गए अपने शोध को जीवन की दिशा बदलने वाला अनुभव बताते हैं। उनका कहना है कि स्वामी विवेकानंद के विचार किसी एक धर्म तक सीमित नहीं बल्कि मानवता, राष्ट्रनिर्माण और युवाशक्ति को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने दावा किया है कि रामकृष्ण मिशन खेतड़ी पर पीएचडी करने वाले वे देश के पहले मुस्लिम युवा है।

### रामकृष्ण मिशन से बचपन का जुड़ाव

डॉ जुल्फिकार के पिता जाफर हुसैन खेतड़ी स्थित एचसीएल में कार्यरत थे, वहीं से उनकी प्रारंभिक शिक्षा हुई। स्कूली दिनों में ही वे रामकृष्ण मिशन से जुड़े और मिशन के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की। इसी वातावरण ने उनके मन में विवेकानंद पर कुछ अलग करने का भाव जगाया। पीएचडी के दौरान उन्होंने देश के प्रसिद्ध बेलूर मठ और 50 से अधिक मठों का भ्रमण किया तथा सिंगापुर, श्रीलंका और बांग्लादेश के मठों में रहकर गहन अध्ययन किया।

# अपहरण व लूट के आरोपी गिरफ्तार

निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** मुकुंदगढ़ थाना पुलिस ने 18 मार्च की मध्य रात्रि को घोडीवारा कला स्कूल के पास से अपरहण व लूट की घटना के तीन आरोपीयो को पुलिस ने भिवानी जेल से प्रोटेक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ताराचंद यादव ने बताया कि जयपुर से भोजासर आते समय घोडीवारा कला में फॉर्च्यूनर गाड़ी व भोजासर के सुरेंद्र जांगिड़ एवं महिपाल के साथ अपहरण व गाड़ी लूट के मामले मे पुलिस ने आरोपी नितिन जाट निवासी सारंगपुर थाना बाढडा जिला चरखीदादरी हरियाणा, कृष जाट निवासी खेडीबतर पुलिस थाना सदर चरखी दादरी हरियाणा, रोहीत जाट बिरही कला थाना सदर चरखी दादरी हरियाणा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने घोडीवारा कला स्कूल के पास भोजासर के सुरेंद्र व महिपाल को जयपुर से आते समय की फॉर्च्यूनर गाड़ी के आगे बलेनो गाड़ी आगे लगाकर गन से गाड़ी का शीशा तोड़कर गाड़ी अपने कब्जे में लेकर दोनों को गाड़ी में डालकर हरियाणा ले गए। हरियाणा की भिवानी पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की। थानाधिकारी ताराचंद यादव ने बताया कि मामले मे तीन आरोपियों को भिवानी जेल से गिरफ्तार कर अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### जीपीएस से गाड़ी का लगा पता

परिजनों ने रिपोर्ट में बताया कि 18 मार्च की रात्री को घर पर नही आये फिर हमारे पास सुबह सुरेन्द्र के मोबाईल से वाटसअप मैसेज आया कि सुरेन्द्र व महिपाल का अपहरण कर लिया व गाडी भी लुट ली है आप हमें 20 लाख रुपये भेजो नही तो हम इनको जान से मार देगे जिस पर हमने गाडी की जीपीएस लोकेशन देखी तो गाडी लुहारु हरियाणा के पास होना दिखाया जिसकी सुचना हमने झुंझुनू पुलिस कंट्रोल रुम को दी जिसके बाद हमारे पास फोन आया कि उनको हरियाणा पुलिस ने पकड लिया है तथा मेरे भाई सुरेन्द्र से बात करवाई तब पूरे मामले की जानकारी मिली।

### यह है मामला

रामनिवास जांगिड़ भोजासर थाना मण्डावा ने रिपोर्ट दी कि दिनांक 18.03.26 को मेंरा भाई सुरेन्द्र व महिपाल दोनो अपने काम से फोरच्युनर गाडी से जयपुर गये थे जयुपर से रात्री के समय वापस गांव आने के लिए रवाना हुए थे। घोडीवारा कलां स्कुल के पास रात्री के लगभग 11 बजे गाडी बलेनो ने हमारी गाडी के आगे गाडी लगाकर गन से हमारी गाडी का सीसा तोडकर फायर कर हमारा अपहरण कर बेलोने गाडी में डाल लिया व हमारी गाडी अपने कब्जे में ले ली। रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया गया। प्रकरण में घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश फरमाये गये। प्रकरण में टीम गठित कर थाना से रवाना किया जाकर आरोपीगणों की तलाश में झुंझुनू, चिडावा, सुरजगढ व लुहारु हरियाणा में आरोपीगण के संबंध में सुचना व रिकार्ड संकलीत करवाया गया।

# पेंशनर समाज ने मनाया काला दिवस



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय पेंशनर्स व राजस्थान पेंशनर समाज के आह्वान पर पेंशन सम्बन्धी विधेयक के विरोध में राजस्थान पेंशनर समाज की ओर से बुधवार को काला दिवस मनाया गया। पेंशनर समाज उपशाखा तारानगर के पेंशनरों ने काली पट्टी बांधकर उपखण्ड कार्यालय पहुंचे व प्रदर्शन करते हुए उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पेंशनर सम्बन्धी नए कानून में 31 दिसंबर, 2025 तक सेवानिवृत्त व 1 जनवरी, 2026 के बाद सेवानिवृत्त कार्मिकों के पेंशन लाभों में अन्तर करते हुए कटौती का प्रावधान किया गया है।

इससे पेंशनरों के भविष्य के लाभ प्रभावित होने व पेंशनवृद्धि रूकने की आशंका है। इस मौके पर उपशाखा के अध्यक्ष पालाराम जिंदल, सचिव रामस्वरूप सहारण, हेतराम भाकर, मनीराम सुथार, पालाराम शर्मा, सुरेन्द्र दीक्षित, जयप्रकाश स्वामी, अमीलाल धायल, नंदलाल रेगर, सुल्तान सिंह पूनिया, सुभाषचंद्र शर्मा, कन्हैयालाल लक्ष्मीनारायण फंडण, श्रीकृष्ण निर्बाण, गोपीराम कस्वां, मोहनलाल झाझड़िया, मंगलेश खत्री, विनोद कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# खो-खो टीम में एम.जी. महाविद्यालय के दो खिलाड़ियों का चयन



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्रीमाधोपुर के लिए गर्व का क्षण है। महाविद्यालय के छात्र कृष्ण कुमार यादव पुत्र बद्री प्रसाद निवासी अरनिया एवं छात्रा मुस्कान पुत्री राकेश राजनट, निवासी महरोली का चयन पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय की खो खो टीम में चयन हुआ है। जिसमे छात्र कृष्ण कुमार यादव स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र एवं छात्रा मुस्कान एपीएस विश्वविद्यालय, रीवा-मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय खो खो प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। खेल कोच रामसिंह जाट ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों के चयन होने व महाविद्यालय पहुंचने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र यादव, उप प्राचार्य विजेंद्र पूनियां, विज्ञान संकाय प्रभारी प्रमोद कुमार वर्मा, कला संकाय प्रभारी शिवप्रसाद यादव, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत, कार्यालय प्रभारी राकेश शर्मा सहित समस्त स्टाफने खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर सहायक आचार्य जितेन्द्र सिंह दायमा, बृजमोहन यादव, कमलेश वर्मा, सुरेंद्र मीणा, श्याम सामोता, सुनिता कुड़ी, धर्मपाल बिजारणिया, विक्रम शर्मा, दीपेंद्र वर्मा, ममता यादव, करीना कुमावत, पवन कुमार, जीतेन्द्र सामोता, सरिता, डिम्पल शर्मा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# लाडनूं की धरती पर गूंजेगी विश्वप्रसिद्ध संगीत की स्वर-लहरियां

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** तीन बार ग्रेमी अवार्ड विजेत, विश्वविख्यात संगीतकार, पद्म श्री सम्मानित रिकी केज का भव्य कार्यक्रम लाडनूं के जैन विश्व भारती स्थित महाप्रज्ञ प्रोग्रेसिव स्कूल में 29 मार्च को सांय 7 बजे आयोजित किया जाएगा। जैविभा मंत्री सलित लोढा, परिसर संयोजक धरमचंद लूंकड़, संचालिका समिति सदस्य राजेन्द्र खटेड़ व निदेशक विजयश्री शर्मा ने यहां प्रेसवार्ता में बताया कि यह कार्यक्रम मानवीय मूल्यों का संदेश देने के उद्देश्य से करवाया जा रहा है। उन्होंने रिकी केज को भारतीय संगीत की सशक्त वैश्विक पहचान बताते हुए कहा कि वे संयुक्त राष्ट्र संघ के सद्भावना राजदूत के रूप में कार्यरत हैं ओर विश्व के 35 से अधिक देशों में अपनी प्रभावी प्रस्तुतियां दे चुके, जिन्हें हर स्तर पर विशेष सराहना मिली हैं। धरमचंद लूंकड़ ने बताया कि रिकी केज का संगीत केवल मनोरंजन के माध्यम तक ही सीमित नहीं है, बल्कि एक गहरा संदेश भी प्रसारित करता है। मंत्री सलिल लोढा ने बताया कि महान संगीतकार रिकी केज ने आचार्यश्री महाश्रमण के लाडनूं में योगक्षेम वर्ष प्रवासकाल के दौरान उनके दर्शनों की इच्छा की और इसी वजह से वे लाडनूं आ रहे हैं। उनके इस कार्यक्रम में केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनलाल मेघवाल भी उपस्थित रहेंगे। राजेन्द्र खटेड़ ने बताया कि रिकी केज के संगीत के माध्यम से दिया गया संदेश लम्बे समय तक अपना प्रभाव छोड़ता है और इससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। जैन विश्व भारती की निदेशक डॉ. विजयश्री शर्मा ने बताया कि इस भव्य संगीत कार्यक्रम का लेकर तैयारियां की जा रही हैं। जैन विश्व भारती के पदाधिकारी और महाप्रज्ञ प्रोग्रिसिव स्कूल की टीम इन तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# एचआरडी स्कूल में हुआ होनहारों का अभिनंदन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय मेगाहाईवे स्थित एचआरडी स्कूल में कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। 94 प्रतिशत हासिल करने वाली हसरत बानो, 93.17 अंक प्राप्त करने वाली गुलसफा, 92.5 प्रतिशत विजेंद्र जाट, 91.83 प्रतिशत रजनी सारण, कृष्णा शर्मा, 90.33 प्रतिशत हासिल करने वाले कमलेश स्वामी का अभिनंदन संस्था निदेशक धर्मराज बटेसर, जगदीश भामू, श्रवण बिरड़ा, भंवरलाल गोदारा, अरूण, शेखर जोशी, विकास गुर्जर, सुमित लाटा, गजेंद्र सिंह आदि ने मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर किया। इस अवसर पर संस्था निदेशक धर्मराज बटेसर ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना ही हमारा लक्ष्य है।

# होनहार छात्राओं का किया सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय भूरमल मिश्र राजकीय बालिका विद्यालय नं 6 में छात्राओं का सम्मान समारोह निवर्तमान पार्षद रेवतमल पंवार बुधनाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रिंकू सोनी, भंवरलाल पांडर, अजीत सिंह चैहान, सुरेंद्र सिंह चैहान, नरायणी कलवा, अजू गुर्जर, सन्तोष मेघवाल, गौरा, सुमेर सिंह, रीनू भार्गव, छगनलाल सांखला, रागिनी सोनी, शंकरलाल आदि ने बालिकाओं को स्मृति चिन्ह पर प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कालू लाखन, विश्वदेव सुन्गत, हरीश ढेनवाल, नोरतन तेजी, रामस्वरूप बरवासा, नोरतन पंवार, विशाल टाक, शिवा देनवाल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेताओं का विभिन्न सत्रों में हुआ प्रशिक्षण

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत चाड़वास मंडल में देवाणी में पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बीरमा राम नायक की अध्यक्षता में प्रशिक्षण शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र में वैचारिक अधिष्ठान बजरंग गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया और पार्टी की रीति नीति को जन जन तक पहुंचाने की अपील की। द्वितीय सत्र में भाजपा के इतिहास और विकास के बारे जानकारी जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़ ने दी। जिला प्रवक्ता ओम महर्षि ने कार्यपद्धति के बारे में बताया। जिला प्रवक्ता अरुण तिवाड़ी ने कार्यकर्ताओं को केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। पूर्व चैयरमेन गोपाल मारू मीडिया, सोशल मीडिया, एआई आदि के बारे में बताया। जिला प्रवक्ता पवन बोथरा ने बूथ प्रबंधन मन की बात, टिफिन बैठक के बारे में बताया। इस अवसर पर अर्जुनसिंह फ्रांसा, करनी सिंह मंडल अध्यक्ष, संयोजक हंसराज नायक, गोपाल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष किसन भाटी, नन्दनाथ सिद्ध, भागीरथ नाथ सिद्ध, युवा मोर्चा अध्यक्ष गंगाधर दर्जी, कार्यकारणी सदस्य डूंगराराम नायक, ओमप्रकाश नायक, नोरतन नायक, महावीर नाई, नरेंद्र सिंह शेखावत, गिरधारी मेघवाल, प्रभुराम मेघवाल, जितेंद्र शर्मा, महेंद्र सिंह शेखावत, रामसिंह, हरजीराम प्रजापत, भोमाराम नायक, शंकर नायक, भंवर सिंह, धन्नाराम नायक, विजय कुमार नायक, बबलू सिंह, दयाल सिंह, श्यामलाल आदि लोग मौजूद रहे।

# तहसीलदार कक्ष में धरने पर बैठे पंचायत प्रशासक

## बीडीओ एवं सीआई के खिलाफ कार्रवाई की मांग



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** कसुंबी ग्राम पंचायत प्रशासक गिरधारी लाल की गिरफ्तारी का मामला बुधवार को तूल पकड़ गया। जिससे प्रशासनिक और जनप्रतिनिधि वर्ग में हलचल मच गई। गिरफ्तारी के विरोध में सरपंच संघ लाडनूं के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रशासक एकजुट होकर तहसील कार्यालय में ही धरना देकर बैठ गए। प्रशासकों ने तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे को ज्ञापन सौंप पंचायत समिति विकास अधिकारी कुमुद सोलंकी और थानाधिकारी शिंभु दयाल पर गंभीर आरोप लगाए। ज्ञापन में बताया कि बीडीओ के दुर्व्यवहार से सभी प्रशासक लंबे समय से परेशान है। उनके काम नहीं हो रहे ना उनकी सुनवाई होती है। जो प्रशासक ग्राम पंचायत का काम लेकर कार्यालय जाता है उसको मुकदमे में फंसाने की धमकी मिलती है। कसूम्बी प्रशासक को झूठे मुकदमे में फंसाने और मारपीट करने के गंभीर आरोप भी लगाए गए।

**तहसीलदार कक्ष में धरने पर बैठे प्रशासक:** गिरफ्तारी के मामले को गंभीर मानते हुए सरपंच तहसीलदार कक्ष में ही धरने पर बैठ गए। प्रशासक गणेशराम चबराल, हरदयाल रुलानिया ने निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के कार्य ठप रखने की चेतावनी दी है। तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे की समझाइश और एडिशनल एसपी हिमांशु शर्मा के निष्पक्ष जांच का आश्वासन मिलने के बाद सभी प्रशासकों ने धरना हटाया। इस अवसर पर प्रशासक नवरतनमल प्रतिनिधि खीचड़, बजरंगलाल ओमप्रकाश, मनोज आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने कसी कमर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए जयपुर पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट पूरी तरह मुस्तैद हो गई है। पुलिस कमिशनर सचिन मित्तल के निर्देशन में यह यूनिट शहर के शैक्षणिक संस्थानों, गर्ल्स हॉस्टल, पीजी, मॉल्स और पार्कों जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में मनचलों और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रख रही है । अतिरिक्त पुलिस कमिशनर योगेश दाधीच और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा के नेतृत्व में यूनिट ने त्वरित कार्रवाई का उदाहरण पेश किया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा ने बताया कि ड्यूटी के दौरान यूनिट की सदस्य मन्नी और सुमनबाला ने आदर्श नगर थाना इलाके के राजा पार्क में कार्रवाई की । यहाँ अपनी पत्नी को घर से निकालने की धमकी देने और आए दिन मारपीट करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार करवाया । इसके अलावा यूनिट का मुख्य फोकस स्कूलों और कॉलेजों के बाहर बालिकाओं का पीछा करने, छींटाकशी करने या अश्लील हरकतें करने वाले मनचलों पर है । निर्भया हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों पर भी टीम तत्काल एक्शन ले रही है।

# स्मरणोत्सव कार्यक्रम आयोजित

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, तारानगर द्वारा टैगोर पीजी महाविद्यालय, तारानगर में श्परिसर वंदे मातरम् अभियान के अंतर्गत राष्ट्रगीत श्वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, झुंझुनू विभाग के विभाग शारीरिक प्रमुख भोजराज दाधीच ने कहा कि श्वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान करोड़ों भारतीयों में राष्ट्रभक्ति की ज्वाला प्रज्ज्वलित की। उन्होंने बताया कि 1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत 1905 के बंग-भंग आंदोलन में जन-जन का नारा बन गया और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा बना। उन्होंने कहा कि क्रांतिकारी जब फांसी के फंदे पर चढ़ते थे, तब उनके अंतिम शब्द ष्वंदे मातरम होते थे, जो उनकी अटूट देशभक्ति को दर्शाते हैं। दाधीच में युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज के समय में श्वंदे मातरम केवल नारा नही, बल्कि जीवन में अपनाने योग्य संकल्प है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, तारानगर के नगर मंत्री नरेंद्र सिंह तंवर ने विषय प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक गौरव और संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रीति शर्मा ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन एवं संस्कृति के संरक्षण का संदेश देते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना की। इस अवसर पर नगर सहमंत्री आनंद जांगिड, दीक्षित भाटी एवं छेलू सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी ने सामूहिक रूप से श्वंदे मातरम का उद्घोष करते हुए राष्ट्रभक्ति का संकल्प लिया।

# मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की शोभायात्रा आज

निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की रामनवमी महोत्सव गुरुवार को उत्सव के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। यहां पर रामनवमी उत्सव पर विशाल शोभायात्रा रघुनाथ जी का मंदिर में सुबह हवन, दोपहर सवा बारह बजे महाआरती और इसके बाद दोपहर को भगवान की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस रामनवमी महोत्सव पर श्रीराम महोत्सव आयोजन समिति के द्वारा काफी दिनों से तैयारियां की जा रही थी। आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़े स्तर पर संपर्क कर आमजन को भगवान की शोभायात्रा एवं मंदिर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। लोसल व्यापार मंडल अध्यक्ष रामेश्वर बाजिया ने बताया कि रामनवमी के दिन रघुनाथ जी का मंदिर से दोपहर ढाई बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में स्वैच्छिक अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर शोभायात्रा में शामिल हो।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190